RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 84 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 16 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# पाकिस्तान सेना पर फिर कहर बनकर टूटे बलूच विद्रोही

## सुसाइड अटैक में 7 जवानों की मौत; BLA ने कहा- हमने 90 मारे

**क्वेटा ( एजेंसी )।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने एक बार फिर आतंकी हमले को अंजाम दिया है। क्वेटा के ताफ्तान जा रहे सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई।

वहीं, 21 घायल हो गए। बलूच लिबरेशन आर्मी ने 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी भी ली है।

हमला क्वेटा से दूर नोशकी में हमला हुआ। हमले के बाद सेना ने इलाके में हेलीकॉप्टर और ड्रोन तैनात कर दिए हैं। बता दें कि काफिला शनिवार को



ताफ्तान जा रहा था। काफिले में सेना की सात बसें और दो अन्य वाहन थे। आईईडी (ढ्ढश्वष्ठ) से लदे हुए वाहन के काफिले की एक बस से टक्कर हो गई। यह आत्मघाती हमला था। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुग्ती ने हमले की निंदा की है।

बता दें कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में 12 मार्च को ट्रेन हाईजैक की घटना घटी। बलूच विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर लिया था। ट्रेन में 440 यात्री सवार थे। विद्रोहियों ने 21 बंधकों की हत्या कर दी। वहीं, सुरक्षाबलों ने ट्रेन हाईजैक में शामिल सभी 33 हमलावरों को मौत के घाट उतार दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हमले का जवाब हमले से यमनी सेना पूरी तरह तैयार

### ट्रंप की एयरस्ट्राइक के बाद हूती का खुला चैलेंज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यमन के ईरान-




समर्थित हूतियों पर बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए, जिसमें कम से कम 32 लोग मारे गए. यह कार्रवाई यमन के रेड सी में बाब अल-मंदब स्ट्रेट में इंटरनेशनल शिपिंग को सुरक्षित करने के दावे के तहत की गई. हूतियों ने इन हमलों को वार क्राइम करार दिया है और इसका करारा जवाब देने की चेतावनी दी है.

हूती के प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने अमेरिका के दावों को झुठा करार देते हुए हमलों को इंटरनेशनल ओपिनियन को गुमराह करने की कोशिश बताया, और इस बात से इनकार किया कि वे बाब अल-मंदब स्ट्रेट में इंटरनेशनल शिपिंग को प्रभावित कर रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि यमन द्वारा घोषित समुद्री नाकाबंदी सिर्फ इजरायली नेवी शिप्स तक सीमित है और इसका मकसद गाजा के लोगों तक मानवीय सहायता पहुंचाना है.

यमन की राजधानी सना में रह रहे लोगों ने बताया कि शुाब जिले के पूर्वी जेराफ इलाके में कम से कम चार हवाई हमले हुए, जिससे इलाके में महिलाओं और बच्चों में दहशत फैल गई. (शेष-3 पर)

## नासा: अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा क्रू-10 मिशन, जल्द होंगे सुनीता विलियम्स और विल्मोर धरती के लिए रवाना



**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गया है। फैल्कन 9 रॉकेट में गए इस मिशन के चारों सदस्य अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गए हैं। डॉकिंग और हैच खुलने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने क्रू-9 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात की।

वहीं नासा के मुताबिक बुधवार को नौ महीने से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर धरती के लिए रवाना होंगे।

नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन शनिवार को फैल्कन 9 रॉकेट के जरिये अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। इस मिशन में एन मैक्लेन, निकोल आयर्स, जापानी अंतरिक्ष यात्री तकुया ओनिशी और रूसी अंतरिक्ष यात्री किरिल पेस्कोव गए हैं। बताया जाता है कि क्रू-10 मिशन अंतराष्ट्रीय (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो चचेरे भाइयों का अपहरण, पुलिस बोली खुद ढूंढो

**बहराइच ( एजेंसी )।** बहराइच के मटेरा थाना क्षेत्र में घर से खेलने निकले दो चचेरे भाई लापता हो गए। परिजनों ने अपहरण की बात कहते हुए थाने पर तहरीर दी तो पुलिसकर्मियों ने खुद ढूंढने की बात कहकर भगा दिया। इससे नाराज परिजनों ने रात में थाने का घेराव किया। वहीं सुबह-सुबह बहराइच-नानपारा राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पहुंचे सीओ नानपारा ने परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। क्षेत्र में आक्रोश बना हुआ है।

मटेरा थाना क्षेत्र में थाने के पीछे रहने वाले अनिल शर्मा विद्या मंदिर स्कूल के प्रबंधक हैं और उनके बड़े भाई व्यापारी हैं और मिर्जापुर चौराहे पर इलेक्ट्रानिक की दुकान चलाते हैं। शनिवार की शाम अनिल का 10 वर्षीय बेटा सूर्यांश व उनके बड़े भाई प्रदीप का सात वर्षीय बेटा दिव्यांश शर्मा खेलने निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## भाजपा ने 72 जिलाध्यक्षों की सूची की जारी



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में भाजपा ने करीब दो महीने की मशक्कत के बाद रविवार को 72 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। इसमें पार्टी ने जातीय समीकरण के साथ विपक्ष के पीडीए फार्मूले के मात देने की कोशिश की गई है। इतना ही नहीं महिलाओं की भागीदारी का भी ख्याल रखा।

बलरामपुर से रवि मिश्रा और श्रावस्ती से मिश्रीलाल वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष घोषित किए गए हैं। इसके अलावा बहराइच में भाजपा ने बृजेश पांडेय को एक बार फिर जिले की कमान सौंपी हैं।

1- बुलंदशहर - विकास चौहान
2 - इटावा - अन्नू गुप्ता
3- गाजीपुर - ओमप्रकाश राय
4- ललितपुर - हरिश्चंद्र रावत
5- अमेठी ङ्क सुधांशु शुक्ला
6- आगरा - महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता
7- आगरा जिला - प्रशांत पोनिया
8- मुरादाबाद- आकाश पाल (रिपीट)
9- मुरादाबाद महानगर - गिरीश भंडुला
10- कासगंज - नीरज शर्मा
11 - गाजियाबाद महानगर- मयंक गोयल
12 - लखनऊ जिला - विजय मौर्या
13 - रायबरेली - बुद्धि लाल
14 - गोरखपुर जिला अध्यक्ष- जनार्दन तिवारी
15 - गोरखपुर महानगर अध्यक्ष - देवेश श्रीवास्तव
16- आजमगढ़- ध्रुव सिंह
17- लालगंज- विनोद राजभर
18- नोएडा - महेश चौहान
19- गौतम बुद्ध नगर - अभिषेक शर्मा
20- फिरोजाबाद महानगर - सतीश दिवाकर
21- उन्नाव - अनुराग अवस्थी
22- लखनऊ- आनंद द्विवेदी
23 - मैनपुरी - ममता राजपूत
24 - इटावा- अरुण कुमार गुप्ता
25 - मथुरा - निर्भय पांडेय
26 - मथुरा (महानगर अध्यक्ष) - राजू यादव
27 - इटावा - अन्नू गुप्ता
28 - ललितपुर - हरिश्चंद्र रावत
29 - रामपुर - हरीश गंगवार
30 - बहराइच - ब्रजेश पांडेय (दूसरी बार)
31 - फर्रुखाबाद - फतेह चंद्र वर्मा
32 - गाजीपुर - ओम प्रकाश राय
33 - अमेठी - सुधांशु शुक्ला
34 - उन्नाव -अनुराग अवस्थी
35 - हरदोई - अजीत सिंह बब्बन
36 - सुल्तानपुर - सुशील त्रिपाठी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डीजे का विरोध पर विधवा को निर्वस्त्र कर बेल्ट से पीटा

**आगरा ( एजेंसी )।** आगरा के खंदौली के गांव नाई की सराय में तेज आवाज में डीजे बजाने से मना करना महिला को भारी पड़ गया। गांव के ही कुछ लोगों ने विधवा महिला को निर्वस्त्र कर बेल्ट और डंडों से पीटा। वीडियो और फोटो वायरल हो गए। सूचना पर पीआरवी की टीम पहुंची, लेकिन बिना कार्रवाई के लौट गई। थाना खंदौली में भी सुनवाई नहीं हुई। देर शाम अधिकारियों तक जानकारी पहुंची तो पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

नाई की सराय क्षेत्र की महिला ने बताया कि मोहल्ले के लोग तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजा रहे थे। पशु चौंक रहे थे, जिससे वह दूध नहीं निकाल पा रही थीं। आवाज कम करने की कहने पर आरोपी भड़क गए।

आरोपियों ने कपड़े फाड़ दिए। इसके बाद बेल्ट और डंडों से पीटने लगे। चीख पुकार होने पर पड़ोसियों ने भी नहीं बचाया। सूचना देने पर पीआरवी की गाड़ी पहुंची, मगर पुलिसकर्मी बगैर कार्रवाई के लौट गए। वह मुढी पुलिस चौकी और खंदौली थाने पहुंचीं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई का काम शुरू

**संभल ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद में रविवार की सुबह रंगाई-

**एएसआई की टीम के साथ कमेटी के लोग भी मौजूद**

पुताई का काम शुरू हो गया है। मजदूरों ने संभल जामा मस्जिद की दीवारों पर पुताई का काम शुरू कर दिया है। एएसआई की टीम के साथ कमेटी के लोग मौजूद हैं।

संभल जामा मस्जिद की




सफेदी करने का काम जिस व्यक्ति को सौंपा गया है, उसका कहना है, कुल आठ लोग काम पर हैं। हम एक सप्ताह के भीतर काम पूरा कर देंगे। हमें केवल मस्जिद की सफेदी करने का निर्देश दिया गया है। हमें एएसआई द्वारा यह काम सौंपा गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 'आप' ने जामा मस्जिद के पास झाड़ू लगाकर कचरा किया साफ

### गिरते वजूद को बरकरार रखने के लिए अपनाया हथकंड़ा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** दिल्ली के विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद अपने गिरते वजूद को बरकरार रखने के लिए आम आदमी पार्टी ने अब तरह-तरह के हथकंड़े अपनाने शुरू कर दिए हैं। इसी के तहत आज आम आदमी पार्टी ने नोएडा के सेक्टर-8 स्थित जामा मस्जिद के पास झाड़ू लगाकर कचरा साफ किया।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य तथा उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने आज पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ जमा मस्जिद के पास झाड़ू लगाई तथा कूड़ा इकट्ठा कर किया।

इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान संजय सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने 2 मार्च से समूचे उत्तर प्रदेश में श्रमदान अभियान शुरू किया है। इसी के तहत नोएडा में भी हर रविवार को पार्टी के कार्यकर्ता मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे तथा अन्य प्रमुख जगहों की साफ सफाई करके स्वच्छता का संदेश देंगे।

जब पत्रकारों ने पूछा कि आपने मस्जिद को ही क्यों चुना (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गाजियाबाद से मादक पदार्थ तस्करी के मामले में महिला गिरफ्तार

**गाजियाबाद ( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद से (50 वर्षीय) एक महिला को गिरफ्तार किया है उसके पास से हेरोइन बरामद की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपये है।



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी महिला की पहचान वंदना के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले पुलिस ने 20 फरवरी को नंद नगरी से मादक पदार्थ की आपूर्ति करने में कथित तौर पर संलिप्त सचिन को गिरफ्तार किया था और उसके पास से 601 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

अधिकारी ने बताया कि सचिन से पूछताछ के बाद जांचकर्ता वंदना तक पहुंचे, जिसने कथित तौर पर मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ता से हेरोइन खरीदी और वितरण के लिए छोटे पैकेट बनाकर उसे सुंदर नगरी, नंद नगरी और गाजियाबाद में बेचा।

उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष टीम ने 12 मार्च को वंदना के आवास पर छापा मारा और उसे प्रतिबंधित सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के नंद नगरी की रहने वाली वंदना 2024 में सचिन के संपर्क में आई थी और उसने आरोपी को अधिक मुनाफे का वादा कर मादक पदार्थ के धंधे में शामिल कर लिया था।

# मुफ्तखोरी के वायदे

विडंबना और दुर्भाग्य है कि पावन पर्व 'होली' पर हमें मुफ्तखोरी के चुनावी वायदों और उनमें फंसी विभिन्न राज्यों की ही नहीं, बल्कि देश की बदहाल होती अर्थव्यवस्था का विश्लेषण करना पड़ रहा है। होली का मौका है। रंगों और उल्लास के इस पर्व पर खुद प्रधानमंत्री मोदी ने 'मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर' मुहैया कराने का चुनावी वायदा किया था। होली के साथ-साथ दीपावली का भी वायदा किया गया था। देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा सरकार की यह पहली होली है, लेकिन यह आलेख लिखने तक सरकार ने कुछ भी नहीं कहा है। मुफ्त सिलेंडर मुहैया कराने के मुद्दे पर सभी खामोश हैं। दिल्ली एक अर्द्धराज्य है। केंद्र की 'उज्ज्वला गैस' योजना के लाभार्थी करीब 2.5 लाख हैं। दिल्ली में गैर सबसिडी वाले सिलेंडर की कीमत 803 रुपए है। इस अर्द्धराज्य की औसत प्रति व्यक्ति आय 4.60 लाख रुपए से अधिक है। अनुमान है कि यदि मुफ्त सिलेंडर बांटे जाएं, तो 30 करोड़ रुपए के करीब खर्च होगा। यह पहली बार होगा कि जब 24-25 मार्च को विधानसभा में बजट पेश किया जाएगा, तो वह घाटे का बजट होगा। सवाल यह है कि दिल्लीवालों को मुफ्त गैस सिलेंडर क्यों दिया जाए? उन्हें कुछ भी मुफ्त क्यों दिया जाए, यहां तक कि 2500 रुपए भी क्यों दिए जाएं? यह चुनावी वायदा ही एक किस्म की घूस है। राजनीतिक दल देश की अर्थव्यवस्था को दिवालियापन की ओर धकेलने की साजिश में संलिप्त हैं। उनके खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किए जाने चाहिए। ऐसा नहीं है कि सरकारों के पास प्रख्यात अर्थशास्त्री नहीं हैं अथवा सरकारों ने अर्थव्यवस्था के ऐसे मॉडल पर उनके परामर्श ही नहीं लिए। दरअसल यह पूरी रणनीति झूठ बोल कर, लालच परोस कर, खोखले वायदों पर आकर्षित कर चुनाव जीतने की है। उसके बाद बिन जवाबदेही की पांच साला सत्ता है। कमोबेश देश के मतदाताओं को यह शातिर रणनीति अब समझनी चाहिए। दिल्ली ही नहीं, उप्र में भी 'मुफ्त सिलेंडर' का वायदा किया गया था। उसके लिए 1890 करोड़ रुपए की सबसिडी का कोष तय किया गया है। उप्र सरकार जनता को यह भी बता दे कि उस पर 4.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। महाराष्ट्र में 'लाडकी बहीण' योजना पर भाजपा-महायुति को प्रचंड बहुमत मिला था, जबकि ऐसे आसार नहीं थे। अब बजट पेश किया गया है, तो इस योजना का फंड 10,000 करोड़ रुपए घटाना पड़ा है। लाभार्थी करीब 2.5 करोड़ महिलाएं थीं। वह संख्या भी घटा कर 1.5 करोड़ करनी पड़ी है। महाराष्ट्र पर 9.3 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। कुछ और बड़ी तथा महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी 10-13 फीसदी खर्च कम करना पड़ा है। तेलंगाना का उदाहरण अजीब है। वहां फरवरी, 2025 में ही महिलाओं को 2500 रुपए देने की घोषणा की गई और मार्च में ही मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी प्रलाप कर रहे हैं कि राज्य के पास पैसा ही नहीं है। विकास कार्यों के लिए सिर्फ 5000 करोड़ रुपए सरकार के पास शेष हैं, लिहाजा इस मुद्दे पर 'राष्ट्रीय बहस' होनी चाहिए। यह किसी अकेले के बूते की समस्या नहीं है। बहरहाल, भारत की सकल अर्थव्यवस्था के लिए ये शुभ संकेत नहीं हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि (फिर) राजा ने राजकुमारी को लाकर नारदजी को दिखलाया (और पूछा कि-) हे नाथ! आप अपने हृदय में विचार कर इसके सब गुण-दोष कहिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**देखि रूप मुनि बिरति बिसारी। बड़ी बार लगि रहे निहारी॥**
**लच्छन तासु बिलोकि भुलाने। हृदयँ हरष नहिं प्रगट बखाने॥**

उसके रूप को देखकर मुनि वैराग्य भूल गए और बड़ी देर तक उसकी ओर देखते ही रह गए। उसके लक्षण देखकर मुनि अपने आपको भी भूल गए और हृदय में हर्षित हुए, पर प्रकट रूप में उन लक्षणों को नहीं कहा॥

**जो एहि बरइ अमर सोइ होई। समरभूमि तेहि जीत न कोई॥**
**सेवहिं सकल चराचर ताही। बरइ सीलनिधि कन्या जाही॥**

(लक्षणों को सोचकर वे मन में कहने लगे कि) जो इसे ब्याहेगा, वह अमर हो जाएगा और रणभूमि में कोई उसे जीत न सकेगा। यह शीलनिधि की कन्या जिसको वरेगी, सब चर-अचर जीव उसकी सेवा करेंगे॥

**लच्छन सब बिचारि उर राखे। कछुक बनाइ भूप सन भाषे॥**
**सुता सुलच्छन कहि नृप पाहीं। नारद चले सोच मन माहीं॥**

सब लक्षणों को विचारकर मुनि ने अपने हृदय में रख लिया और राजा से कुछ अपनी ओर से बनाकर कह दिए। राजा से लड़की के सुलक्षण कहकर नारदजी चल दिए। पर उनके मन में यह चिन्ता थी कि- ॥

(क्रमशः...)

# ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों से कैसे निपटे भारत

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को लगातार बढ़ाते जाने की घोषणा कर रहा है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के अनुसार इन देशों द्वारा अमेरिका से किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि 'टिट फोर टेट' एवं 'रेसिप्रोकल' आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

भारत ने वर्ष 2024 में अमेरिका को लगभग 74,000 करोड़ रुपए की दवाईयों का निर्यात किया है। 62,000 करोड़ रुपए के टेलिकॉम उपकरणों का निर्यात क्या है, 48,000 करोड़ रुपए के पर्ल एवं प्रेशस स्टोन का निर्यात किया है, 37,000 करोड़ रुपए के पेट्रोलीयम उत्पादों का निर्यात किया है, 30,000 करोड़ रुपए के स्वर्ण एवं प्रेशस मेटल का निर्यात किया है, 26,000 करोड़ रुपए की कपास का निर्यात किया है, 25,000 करोड़ रुपए के इस्पात एवं अल्यूमिनियम उत्पादों का निर्यात किया है, 23,000 करोड़ रुपए सूती कपड़े का निर्यात का किया है, 23,000 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रिकल मशीनरी का निर्यात किया है एवं 22,000 करोड़ रुपए के समुद्रीय उत्पादों का निर्यात किया है। इस प्रकार, विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार है।

अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बैंकों के बीच किए गए एक सर्वे में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि यदि अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के आयात पर टैरिफ इसी प्रकार बढ़ाते जाते रहे तो अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़कर 40 प्रतिशत के ऊपर पहुंच सकती है, जो हाल ही में जे पी मोर्गन द्वारा 31 प्रतिशत एवं गोल्डमैन सैचस 24 प्रतिशत बताई गई थी। इसके साथ ही, ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों की घोषणा में भी एकरूपता नहीं है। कभी



**अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है।**

किसी देश पर टैरिफ बढ़ाने के घोषणा की जा रही है तो कभी इसे वापिस ले लिया जा रहा है, तो कभी इसके लागू किए जाने के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, तो कभी इसे लागू करने की अवधि बढ़ा दी जाती है। कुल मिलाकर, अमेरिकी पूंजी बाजार में सधे हुए निर्णय होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं इससे पूंजी बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों का आत्मविश्वास टूट रहा है। और, अंततः इस सबका असर भारत सहित अन्य देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर पड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है।

हालांकि, ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ को बढ़ाए जाने सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत के लिए स्वर्णिम अवसर भी बन सकता है। क्योंकि, भारतीय जब भी दबाव में आते हैं तब तब वे अपने लिए बेहतर उपलब्धियां हासिल कर लेते हैं। इतिहास इसका गवाह है, कोविड महामारी के खंडकाल में भी भारत ने दबाव में कई उपलब्धयां हासिल की थीं। भारत ने कोविड के खंडकाल में 100 से अधिक देशों को कोविड बीमारी से सम्बंधित दवाईयां एवं टीके निर्यात करने में सफलता हासिल की थी।

विदेशी व्यापार के मामले में चीन, कनाडा एवं मेक्सिको अमेरिका के बहुत महत्वपूर्ण भागीदार हैं। वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, उक्त तीनों देश लगभग 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार प्रतिवर्ष अमेरिका के साथ करते हैं। इसके बावजूद अमेरिका ने उक्त तीनों के साथ व्यापार युद्ध प्रारम्भ कर दिया है। भारत के साथ अमेरिका का केवल 11,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही व्यापार था। अब ट्रम्प प्रशासन की अन्य देशों से यह अपेक्षा है कि वे अमेरिकी उत्पादों के आयात पर टैरिफ कम करे अथवा अमेरिका भी इन देशों से हो रहे विभिन्न उत्पादों पर उसी दर से टैरिफ वसूल करेगा, जिस दर पर ये देश अमेरिका से आयातित उत्पादों पर वसूलते हैं। यह सही है कि भारत अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर अधिक टैरिफ लगाता है क्योंकि भारत अपने किसानों और व्यापारियों को बचाना चाहता है। भारत में कृषि क्षेत्र के उत्पादों पर 25 से 100 प्रतिशत तक आयात कर लगाया जाता है जबकि कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य उत्पादों पर कर की मात्रा बहुत कम हैं। भारत ने विनिर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ा ली है परंतु कृषि क्षेत्र में अभी भी अपनी उत्पादकता बढ़ाना है। हाल ही के समय में भारत ने कई उत्पादों के आयात पर टैरिफ की दर घटाई भी है।

भारत के साथ दूसरी समस्या यह भी है कि यदि भारत आयातित उत्पादों पर टैरिफ कम करता है तो भारत में इन उत्पादों के आयात बढ़ेंगे और भारत को अधिक अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता पड़ेगी इससे भारतीय रुपये का और अधिक अवमूल्यन होगा तथा भारत में मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। विदेशी निवेश भी कम होने लगेगा और अंततः भारत में बेरोजगारी बढ़ेगी। भारत में सप्लाई चैन पर दबाव भी बढ़ेगा। इन समस्त समस्याओं का हल है कि भारत अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करे। परंतु, अन्य देश चाहते हैं कि द्विपक्षीय समझौतों में कृषि क्षेत्र को भी शामिल किया जाय, इसका रास्ता आपसी चर्चा में निकाला जा सकता है। अमेरिका एवं ब्रिटेन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते सम्पन्न करने की चर्चा तेज गति से चल रही है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत और अमेरिका के बीच विदेशी व्यापार को 50,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किए जाएंगे। इस सम्बंध में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से काम चल रहा है।

दूसरे, अब भारत को उद्योग एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ानी होगी। हर क्षेत्र में लागत कम करनी होगी ताकि भारत में उत्पादित वस्तुएं विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा में खाड़ी हो सकें। भारत में रिश्वतखोरी की लागत को भी समाप्त करना होगा। भारत में निचले स्तर पर घूसखोरी की लागत बहुत अधिक है। भूमि, पूंजी, श्रम, संगठन एवं तकनीकि की लागत कम करनी होगी। कुल मिलाकर व्यवहार की लागत को भी कम करना होगा। भारतीय उद्योगों को अन्य देशों के उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धी बनाना ही इस समस्या का हल है ताकि भारतीय उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पाद अन्य देशों के साथ विशेष रूप से गुणवत्ता एवं लागत के मामले में प्रतिस्पर्धा कर सकें। निजी क्षेत्र को लगातार प्रोत्साहन देना होगा ताकि निजी क्षेत्र का निवेश उद्योग के क्षेत्र में बढ़ सके। आज भारत में पूंजीगत खर्चे केवल केंद्र सरकार द्वारा ही बहुत अधिक मात्रा में किए जा रहे हैं। आज देश में हजारों टाटा, बिरला, अडानी एवं अम्बानी चाहिए। केवल कुछ भारतीय बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से अब काम चलने वाला नहीं हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने का समय अब आ गया है।

तीसरे, मेक इन इंडिया ट्रम्प के टैरिफ युद्ध का सही जवाब है। आज भारत को सही अर्थों में 'आत्मनिर्भर भारत' बनाए जाने की सबसे अधिक आवश्यकता है। भारत के लिए केवल अमेरिका ही विदेशी व्यापार के मामले में सब कुछ नहीं होना चाहिए, भारत को अपने लिए नित नए बाजारों की तलाश भी करनी होगी। एक ही देश पर अत्यधिक निर्भरता उचित नहीं है। स्वदेशी उद्योगों को भी बढ़ावा देना ही होगा।

– प्रहलाद सबनानी
सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक,

# मुख्यमंत्री स्टालिन का हिन्दी विरोध और भ्रष्टाचार पर चुप्पी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया। इसके बावजूद की पूरे अमरीका में ज्यादातर अंग्रेजी बोली जाती है। ट्रंप के अनुसार, यह आदेश राष्ट्रीय एकता, साझा संस्कृति, और सरकारी कार्यों में समरसता लाने में मदद करेगा। अमरीका जैसे सुपर पावर की एक आधिकारिक भाषा हो सकती है पर भारत में ऐसा करना आसान नहीं है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार सिर्फ क्षुद्र स्वार्थों और वोट बैंक की खातिर हिन्दी का विरोध कर रही हैं। जबकि देश के ज्यादातर राज्यों में हिन्दी न सिर्फ आधिकारिक भाषा है बल्कि सर्वाधिक बोली जाने वाली भी है।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को देश को खोखला करने वाले भ्रष्टाचार के कैंसर की परवाह नहीं पर देश की एकता, समरसता और अखंडता के लिए जरूरी हिन्दी भाषा की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय नीति का जम कर विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं उससे लगता है कि तमिलनाडु भारत का हिस्सा नहीं होकर कोई अलग देश है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राज्य में लागू नहीं करेगी, चाहे केंद्र सरकार इसके बदले 10,000 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता ही क्यों न दे। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले 2,000 करोड़ रुपये की राशि रोकने की धमकी दी थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत भी की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्टालिन के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार राजनीतिक लाभ के लिए हिंदी थोपने का फर्जी नैरेटिव बना रही है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जितना विरोध तमिलनाडु की स्टालिन सरकार कर रही है, उतना देश के किसी अन्य राज्य ने नहीं किया। यहां तक की बात-बात पर केंद्र की भाजपा सरकार से टकराने को तैयार रहने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इस मुद्दे पर मुखर नहीं दिखी। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग ने 1948-49 में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाले आयोग ने हिंदी को केंद्र सरकार के कामकाज की भाषा बनाने की सिफारिश की थी। आयोग की सिफारिश थी कि सरकार के प्रशासनिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कामकाज अंग्रेजी में किए



जाएं। इस आयोग ने कहा था कि प्रदेशों का सरकारी कामकाज क्षेत्रीय भाषाओं में हो। राधाकृष्णन आयोग की यह सिफारिश ही आगे चलकर स्कूली शिक्षा के लिए त्रिभाषा फार्मूला के नाम से मशहूर हुआ। इस सिफारिश को राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (कोठारी आयोग) ने 1964-66 में स्वीकार किया। इंदिरा गांधी की सरकार की ओर से पारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 में इसे शामिल किया गया। सरकार ने प्रस्तावित किया कि माध्यमिक स्तर तक हिंदी भाषी राज्यों में छात्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा दक्षिणी भाषाओं में से एक और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के साथ हिंदी सीखें।

राजीव गांधी सरकार में 1986 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और नरेंद्र मोदी सरकार में 2020 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इसी फार्मूले को रखा गया। लेकिन इसके क्रियान्वयन में लचीलापन लाया गया। पिछली राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विपरीत 2020 में बनी नीति में हिंदी का कोई उल्लेख नहीं है। इसमें कहा गया है कि बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाएं राज्यों, क्षेत्रों और निश्चित रूप से स्वयं छात्रों की पसंद होंगी, बशर्ते कि तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं हों।

यह पहला मौका नहीं है जब तमिलनाडु में हिंदी विरोध की आड़ में राजनीतिक की जा रही है। हिन्दी का विरोध करना तमिलनाडु में वोट बैंक साधने का साधन बन चुका है। स्टालिन की पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कडग़म (डीएमके) ही नहीं इससे पहले सत्ता में रहे अन्य क्षेत्रीय दल भी वोटों की खातिर हिंदी विरोध के मुद्दे को भुनाते रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलनों का करीब सौ साल पुराना है। केरल और कर्नाटक के विपरीत तमिलनाडु में दो भाषा फार्मूले का पालन किया जाता है। इसके तहत छात्रों को केवल तमिल और अंग्रेजी पढ़ाई जाती है। साल 1937 में मद्रास में सी राजगोपालाचारी की सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों में हिंदी को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव रखा था। इसका जस्टिस पार्टी ने विरोध किया था।


हिंदी के विरोध में हुए आंदोलन में थलामुथु और नटराजन नाम के दो युवकों की जान चली गई थी। बाद में वो हिंदी विरोधी आंदोलन के प्रतीक बन गए। इस विरोध के आगे झुकते हुए राजाजी को इस्तीफा देना पड़ा था। वहीं 1960 के दशक में जब देश में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की समय सीमा आई तो तमिलनाडु में हिंसक विरोध प्रदर्शन होने लगे। हिंदी विरोधी इस आंदोलन में पुलिस कार्रवाई और आत्मदाह की घटनाओं में करीब 70 लोगों की जान चली गई थी। मौजूदा स्टालिन सरकार हिन्दी का जिस कदर विरोध कर रही है, भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कभी उतनी मुखर नहीं रही है। स्टालिन सरकार के कई मंत्री भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विसलाची को आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी ठहराया गया है। जल संसाधन मंत्री रईमुरुगन का नाम अक्सर तमिलनाडु में अवैध रेत खनन से जुड़ा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्री आई पेरियासामी चेन्नई में एक भूखंड के अवैध आवंटन का आरोप झेल रहे हैं।

आयकर विभाग ने तमिलनाडु के लोक निर्माण और राजमार्ग मंत्री ईवी वेलु से जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी। डीएमके नेता से जुड़ी संपत्तियों से 29 करोड़ रुपये नकद जब्त किए। आश्चर्य की बात यह है कि मंत्रियों पर लगे संगीन आरोपों के बावजूद मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक बार भी भ्रष्टाचार के खिलाफ बयान नहीं दिया, जबकि हिंदी का विरोध खूब कर रहे हैं। यह निश्चित है कि ऐसे विरोध देश की एकता-अखंडता के लिए नुकसानदायक हैं। राजनीतिक दल जब तक अपने निहित क्षुद्र स्वार्थों से ऊपर उठ कर देश हित के बारे में नहीं सोंचेंगे तब तक भाषा और दूसरे ऐसे भावानात्मक मुद्दे वोट बटोरने का जरिया बन रहेंगे।

**– योगेन्द्र योगी ( भारतीय स्टेट बैंक )**

## राशिफल

**चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया** | **(विक्रम संवत् 2081)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
ओजस्वी, तेजस्वी बने रहेंगे। एक बहुत अच्छी ऊर्जा आपमें आ गई है। स्वास्थ्य में सुधार।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन व्यथित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य,प्रेम, व्यापार मध्यम रहेगा।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़। कोर्ट-कचहरी में विजय। प्रेम, संतान ठीक-ठाक। व्यापार तो बहुत अच्छा हो गया है।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
लिखने, पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम। व्यापार अच्छा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
प्रेम, संतान सुधर चुका है। स्वास्थ्य मध्यम है। व्यापार अच्छा है। लाल वस्तु पास रखें।

# कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन का जन्मदिन मनाया





**नोएडा ( चेतना मंच )।** महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन का जन्मदिन सैक्टर-9 नोएडा में साथियों सहित मनाया गया। इस दौरान उनके समर्थकों ने उनको लालरंग की टोपी बनाई तथा आपस में केक कटकर एक दूसरे को खिलाया तथा जन्मदिन की बधाईदी।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर जावेद खान, वरिष्ठ पत्रकार अरुण सिन्हा, नोएडा वाटर सप्लायर एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद शाह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सदस्य चांद मोहम्मद, शबनम, परवेज, सलमान,आर एल शर्मा, एम सफीक शहरयार, विकास, शमशाद इलाही, इकरार नवी, सुमित जाटव,आमिर व अन्य लोग मौजूद रहे।

# इंडसइंड बैंक पर नहीं है संकट पर्याप्त मात्रा में है पूंजी : रिजर्व बैंक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इंडसइंड बैंक में चल रहे संकट के बीच देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक बयान जारी किया है। इस बयान में रिजर्व बैंक ने कहा है कि इंडसइंड बैंक वित्तीय रूप से स्थिर है और बैंक के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी है, इसलिए जमाकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है।





रिजर्व बैंक के बयान में बताया गया कि बैंक के वित्तीय नतीजों की ऑडिटर द्वारा समीक्षा की गई, जिसमें पता चला है कि 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुई तिमाही में बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और इसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.46 प्रतिशत है, वहीं प्रावधान कवरेज अनुपात 70.20 प्रतिशत है। रिजर्व बैंक के अनुसार, इंडसइंड बैंक का 9 मार्च 2025 तक लिक्विडिटी कवरेज अनुपात 113 प्रतिशत है, जबकि विनियामक नियमों के तहत ये 100 प्रतिशत होना चाहिए।

रिजर्व बैंक ने शनिवार को इंडसइंड बैंक के बोर्ड से भी कहा कि वे चालू तिमाही के दौरान बैंक द्वारा घोषित 2,100 करोड़ रुपये की भारी-भरकम अकाउंटिंग विसंगति के खुलासे के बीच सुधारात्मक कार्रवाई पूरी करे। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में, इंडसइंड बैंक ने अकाउंटिंग में गड़बड़ी का खुलासा किया था, जिससे बैंक की नेटवर्थ पर 2.35 प्रतिशत का अनुमानित प्रभाव पड़ा था। इस खुलासे के तुरंत बाद, बैंक के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई। सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बैंक ने पहले ही अपने मौजूदा सिस्टम की व्यापक समीक्षा करने और वास्तविक प्रभाव का आकलन करने के लिए एक बाहरी ऑडिट टीम को नियुक्त कर लिया है। इंडसइंड बैंक के शेयर मंगलवार को 27.06त्न गिरकर 656.80 रुपये पर गिरकर बंद हुए। इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में गड़बड़ी बताई जा रही है। इससे बैंक का मार्केट कैप 2.35 प्रतिशत कम हो गया। बैंक पर निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा तो लोगों ने शेयर बेचने शुरू कर दिए, जिससे बैंक के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई।

## पृष्ठ एक के शेष....

**पाकिस्तान सेना पर---**

पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी चाहता है। यह प्रांत ईरान से सटा हुआ है। आज से नहीं दशकों से आजादी की मांग चल रही है। प्राकृतिक और खनिज संसाधनों से लैस इस प्रांत का पाकिस्तान ने खूब लूटा है। इस प्रांत को लूटते-लूटते पाकिस्तान का मन भर गया तो उसने चीन को भी इस नापाक हरकत में जोड़ लिया।

चीन ने बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह और अन्य परियोजनाओं में निवेश किया है। बलूचिस्तान के लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान और चीन प्रांत की प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं।

**भाजपा ने 72----**

37 - औरैया - सर्वेश कठेरिया
38 - गोरखपुर - जनार्दन तिवारी
39 - कासगंज - नीरज शर्मा।
40 - वाराणसी महानगर - प्रदीप अग्रहरि
41 - गाजीपुर - ओमप्रकाश राजभर
42 - प्रतापगढ़ - आशीष श्रीवास्तव
43 - भदोही - दीपक मिश्रा
44 - मछली शहर - डॉ. अजय कुमार सिंह
45 - सुल्तानपुर - सुशील त्रिपाठी
46 - अमेठी - सुधांधु शुक्ल
47 - प्रयागराज गंगापार - निर्मला पासवान
48 - प्रयागराज यमुनापार - राजेश शुक्ला
49 - प्रयागराज महानगर - संजय शुक्ला
50 - सोनभद्र - नंदलाल गुप्ता
51 - कानपुर महानगर उत्तर - अनिल दीक्षित
52 - कानपुर महानगर दक्षिण - शिवराम सिंह चौहान
53 - कानपुर देहात - रेणुका सचान
54 - कानपुर ग्रामीण - उपेंद्र नाथ पासवान

भाजपा संगठन के चुनाव की प्रक्रिया पिछले साल में शुरू हुई थी। उस समय मंडल अध्यक्षों का चुनाव दिसंबर और जिलाध्यक्षों का चुनाव जनवरी के अंत तक कराने की समय सीमा तय की गई थी। लेकिन, मंडल अध्यक्षों का चुनाव ही जनवरी में संपन्न हो पाया। तमाम जिलों की सूची में शामिल नाम पर सवाल भी उठने लगे थे।

साथ ही सूची पिछड़े, दलित और महिलाओं की भागीदारी की कमी रह गई थी। इस पर शीर्ष नेतृत्व ने आपत्ति जताई थी। ऐसे में प्रदेश स्तर पर संगठन मंत्री ने एक-एक सूची की गहनता से परीक्षण कर सभी विसंगितियों को दूर करके सूची तैयार कराई है। अब मार्च महीने की 16 तारीख को यह घोषणा हो पाई है।

**हमले का जवाब ---**

एक स्थानीय शख्स ने हमले को लेकर कहा, विस्फोट बहुत ही शक्तिशाली थे, यह एक भूकंप जैसा था.

हूतियों का कहना है, आक्रामकता का जवाब जरूर दिया जाएगा, और ये कि, हमारे यमनी सशस्त्र बल बढ़ते तनाव का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं अमेरिकी हमलों में हमलों में करीब 23 लोग घायल भी हुए थे और मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है.

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हूतियों के मुख्य समर्थक ईरान को भी कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वह समूह के समर्थन को तुरंत समाप्त करें. उन्होंने कहा कि अमेरिका पर किसी भी तरह के खतरे के गंभीर परिणाम होंगे. ट्रंप ने कहा, अमेरिका आपको पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराएगा, और हम इसे हल्के में नहीं लेंगे.

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, सभी हूती आतंकवादियों, तुम्हारा समय समाप्त हो गया है, और तुम्हें आज से ही हमले बंद करने होंगे. अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो तुम पर नरक की ऐसी बारिश होगी, जैसी तुमने पहले कभी नहीं देखी होगी!

नवंबर 2023 से, हूतियों ने इंटरनेशनल शिपिंग्स पर 100 से अधिक हमले किए हैं, जिससे वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है. हूतियों का कहना है कि ये हमले गाजा में इजरायल-हमास युद्ध के चलते फिलिस्तीनियों के समर्थन में किए जा रहे हैं. इन हमलों से निपटने के लिए अमेरिकी सेना को मिसाइलों और ड्रोन को रोकने के लिए महंगे अभियानों में लगना पड़ा है.

हालांकि, इससे पहले ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई ने न्यूक्लियर डील पर उनके साथ वार्ता करने से इनकार कर दिया, और कहा कि अमेरिका से समझौते का मतलब होगा और धोखा और इससे देश पर दबाव भी बढ़ेगा. मसलन, ट्रंप ईरान पर भी दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और इसी बीच उन्होंने यमन में स्ट्राइक भी किया है. अब देखने वाली बात होगी की ट्रंप का अगला कमम क्या होता है

**'आप' ने जामा मस्जिद....**

तो उनका कहना था कि मस्जिद, मंदिर, गुरुद्वारा सभी जगह पर आम आदमी पार्टी झाड़ू लगाकर सफाई करेगी। अभी 2 दिन पूर्व उन्होंने गाजियाबाद के अंबेडकर पार्क में झाड़ू लगाकर सफाई की थी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में पार्टी के कार्यकर्ता यह श्रमदान अभियान जारी रखेंगे।

श्रमदान अभियान के बाद संजय सिंह ने आम आदमी पार्टी का इंकलाबी गीत सुनाया इसके बाद राष्ट्गान के साथ श्रमदान अभियान की समाप्ति हुई।

उधर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजीव निगम ने कहा कि पार्टी ने ही यह अभियान 2 मार्च से शुरू किया है तथा समूचे उत्तर प्रदेश में यह अभियान जारी रहेगा।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के गौतमबुद्धनगर जिला अध्यक्ष राकेश, आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष तथा गाजियाबाद विधानसभा की प्रत्याशी रही छवि यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**नासाः अंतरिक्ष स्टेशन पर....**

स्टेशन पर पहुंच गया है। सफल डॉकिंग और हैच खुलने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने स्टेशन में प्रवेश किया।

उन्होंने बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स से मुलाकात की। अगले कुछ दिन तक विल्मोर और विलियम्स नए अंतरिक्ष यात्रियों को स्टेशन के बारे में जानकारी देंगे। फिर वे दोनों इस सप्ताह के अंत में अपने स्पेसएक्स कैप्सूल में सवार होकर धरती के लिए रवाना होंगे। नासा का कहना है कि मौसम अनुकूल रहा तो विल्मोर, विलियम्स और दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाला स्पेसएक्स कैप्सूल बुधवार से पहले अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो जाएगा और फ्लोरिडा के तट पर उतरेगा।

5 जून 2024 को नासा का बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत नासा ने अपने दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को आठ दिन की यात्रा पर भेजा। दोनों को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए मिशन पर भेजा गया था। यह अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की पहली उड़ान थी। जिस मिशन पर सुनीता और बैरी हैं वो नासा के व्यावसायिक क्रू कार्यक्रम का हिस्सा है। दरअसल, नासा का लक्ष्य है कि वह अमेरिका के निजी उद्योग के साथ साझेदारी में अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक सुरक्षित, विश्वसनीय और कम लागत के मानव मिशन भेजे। इसी उद्देश्य से यह टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था।

**डीजे का विरोध पर....**

मगर पुलिस ने सुनवाई नहीं की।

थाना प्रभारी भी शिकायत न होने की बात कहते रहे। इसी दरम्यान कुछ लोगों ने पीड़िता के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता के पति की पांच साल पहले मृत्यु हुई थी। वह दूध बेचकर बच्चों का पालन पोषण कर रही है।

कमिश्नरेट में थाने और चौकियों पर सुनवाई नहीं हो रही है। इस घटना की रिपोर्ट भी अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद दर्ज हो सकी। एसीपी एत्मादपुर पीयूषकांत ने बताया कि जेठ के परिवार से डीजे बजाने पर विवाद हुआ था। महिला ने मारपीट, निर्वस्त्र करने की एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**संभल की जामा मस्जिद....**

इससे पहले, शनिवार को टीम पेंटर के साथ जामा मस्जिद पहुंची थी लेकिन कुछ देर रुकने के बाद टीम लौट गई। इसके चलते पुताई का काम शुरू नहीं हो सका था। एएसआई की टीम ने पुताई का काम रविवार की सुबह से शुरू कराने की बात जामा मस्जिद कमेटी से कही थी।

12 मार्च को उच्च न्यायालय ने पुताई और सजावट का आदेश किया था। साथ ही यह भी कहा था कि इस पुताई और सजावट के कार्य की निगरानी एएसआई द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में 13 मार्च को एएसआई की टीम जामा मस्जिद पहुंची थी।

बाहरी हिस्से के साथ अंदर के परिसर का भी निरीक्षण किया था। उन स्थानों को टीम ने देखा था जहां पुताई की जानी है। मस्जिद के बाहरी हिस्से पर पुताई के लिए आदेश किया गया है। शनिवार को तीन सदस्यीय टीम तीन पेंटर के साथ जामा मस्जिद में पहुंची थी। कुछ हिस्से में पेंटर ने सफाई की थी। स्थानीय स्तर पर भी पेंटर और श्रमिकों की व्यवस्था की गई है।

जामा मस्जिद की पिछली दीवार पर पोस्टर लगाने की वजह से विवाद खड़ा हो गया था उन पोस्टर को एएसआई की टीम ने शनिवार को हटवा दिया है। यह पोस्टर पुताई किए जाने के लिए हटाए गए हैं। इन हिस्सों की सफाई भी कराई गई है। 74 उपद्रवियों के पोस्टर दीवार पर लगा दिए थे। इन पोस्टर के लगाने का विरोध जामा मस्जिद कमेटी के सदर द्वारा किया गया था।

**दो चचेरे भाइयों का---**

काफी देर तक बच्चों के वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और अपहरण का आरोप लगाते हुए इसकी सूचना मटेरा पुलिस को दी। लेकिन आरोप है, कि मटेरा थाने के थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों ने खुद खोजने की बात कहकर उन्हें भगा दिया। इससे नाराज परिजनों ने थाने का घेराव किया और नारेबाजी की।

दो-दो बच्चों के अपहरण के बाद भी मटेरा पुलिस के मूकदर्शक बने रहने पर रविवार की सुबह परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और सैकड़ो की संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। सभी ने बहराइच-नानपारा राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया और मटेरा पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान घंटो हाईवे जाम रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर सीओ नानपारा प्रद्युम्न सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। परिजनों ने 4 बजे तक बच्चों को ढूंढने का अल्टीमेटम दिया है। बच्चों के अपहरण से महिलाओं का रो-रोक कर बुरा हाल है।

# केदारनाथ में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध की तैयारी

देहरादून,केदारनाथ धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश और गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. इस संबंध में केदारनाथ की भाजपा विधायक आशा नौटियाल ने जानकारी दी है.



विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि कुछ गैर-हिंदू तत्व धार्मिक स्थल केदारनाथ धाम की पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग वहां मांस, मछली और शराब परोसने जैसे कामों में लिप्त हैं, जिससे धाम की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है. उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई जा रही है.

बीजेपी विधायक ने कहा कि हाल ही में प्रदेश के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस विषय पर अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की थी. बैठक में यह सुझाव आया कि गैर-हिंदू तत्वों द्वारा केदारनाथ धाम को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है, इसलिए उनकी पहचान कर उनके प्रवेश पर रोक लगाई जानी चाहिए.

भाजपा विधायक के इस बयान पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. कांग्रेस नेता हरीश सिंह रावत ने कहा कि सनसनीखेज बयान देना भाजपा नेताओं की आदत बन गई है. उत्तराखंड देवभूमि है, लेकिन भाजपा इसे धर्म की राजनीति में घसीट रही है. वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है.

बता दें कि इस मुद्दे को लेकर सियासी विवाद भी गहराने लगा है. भाजपा इसे धार्मिक स्थल की पवित्रता से जोड़ रही है, जबकि कांग्रेस इसे धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति बता रही है.

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



# भारत के पास अपनी स्वतंत्र विदेश नीति : विदेश मंत्री एस. जयशंकर

नई दिल्ली ( एजेंसी )।



डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद दुनिया काफी बदल गई है। टैरिफ को लेकर भारत के साथ भी अमेरिका का पंगा चल रहा है। इस बीच, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति को समझना कोई मुश्किल काम नहीं है। वे जो कहते हैं, वही करते हैं। जयशंकर ने इसे बखूबी समझा और स्वीकार भी किया कि अमेरिका अब पहले जैसा वैश्विक भूमिका निभाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा, "अमेरिकन अब वैश्विक मामलों में खुद को कम उलझाना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इसमें ज्यादा खर्च हो रहा है और लाभ कम मिल रहा है।"

क्या भारत के लिए ट्रंप फायदेमंद हैं? जयशंकर ने भारत की विदेश नीति को यथार्थवादी दृष्टिकोण से संचालित करने की बात कही। वे मानते हैं कि किसी पुराने वैश्विक ऑर्डर के खत्म होने से चिंता करने की जरूरत नहीं है। अमेरिका के व्यवहार में बदलाव आया है, लेकिन यह भारत के लिए नुकसानदेह नहीं है। ट्रंप के आने से वैश्विक व्यवस्था बहुध्रुवीय हो गई है, और भारत को इसमें एक अहम भूमिका निभानी है। ट्रंप ने हमेशा भारत को "सबसे बड़ा टैरिफ अब्यूज़र" कहा है, लेकिन जयशंकर इस पर सहज रहते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भारत और अमेरिका के बीच इस साल व्यापार समझौता हो सकता है। उनके अनुसार, "हमारे अपने मुद्दे हैं, लेकिन हमें समाधान निकालना होगा।" ट्रंप का व्यापारिक रवैया पूरी तरह से राष्ट्रवादी है।

### ट्रंप की अनिश्चितता भारत के लिए जोखिम

ट्रंप की राजनीति की एक प्रमुख विशेषता उनकी अप्रत्याशितता है। वे कब क्या करेंगे, यह कोई भी सुनिश्चित तौर पर नहीं कह सकता। जयशंकर को इस पर कोई विशेष चिंता नहीं है। वे मानते हैं कि "अनिश्चितता एक रणनीति भी हो सकती है।उन्होंने क्रिकेट के उदाहरण से इसे समझाया और कहा कि अत्यधिक पूर्वानुमानित रणनीति विपक्ष को लाभ पहुंचा सकती है। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत के पास अपनी स्वतंत्र विदेश नीति है, जिसे वह अपनी शर्तों पर संचालित करता है। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका खुद को चीन के मुकाबले कमजोर महसूस करता है, तो यह उसकी समस्या है। हम अपनी नीति खुद तय करेंगे। ट्रंप की चीन-विरोधी नीति भारत के लिए कुछ हद तक फायदेमंद हो सकती है, लेकिन जयशंकर इसे भारत की कूटनीतिक सफलता से जोड़कर देखते हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत अब पश्चिमी देशों की नकल करने के बजाय अपनी विशिष्ट पहचान पर जोर दे रहा है। उनके अनुसार, "पुराना भारतीय अभिजात्य वर्ग पश्चिमी जीवनशैली को आधुनिकता का प्रतीक मानता था, लेकिन आज भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है और पश्चिम का अंधानुकरण करने के बजाय अपनी पहचान को महत्व दे रहा है।"

# कानून के क्षेत्र में महिलाओं के लिए 30% आरक्षण जरूरी

### न्यायमूर्ति नागरत्ना का अहम बयान

नई दिल्ली ( एजेंसी )।




सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने शनिवार को महिलाओं के लिए आरक्षण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण एक अच्छा कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों में कम से कम 30 प्रतिशत विधि अधिकारी महिलाएं होनी चाहिए। बता दें कि न्यायमूर्ति नागरत्ना ने यह बात मुंबई विश्वविद्यालय में आयोजित 'ब्रेकिंग ग्लास सीलिंग 'वूमेन हू मेड इट' सेमिनार में कही।

**उच्च न्यायालयों में महिलाओं की नियुक्ति पर जोर**

अपने संबोधन में न्यायाधीश न्यायमूर्ति नागरत्ना ने उच्च न्यायालयों में महिलाओं की नियुक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों में महिलाओं को उच्च पदों पर नियुक्त किया जाना चाहिए, क्योंकि यदि 45 वर्ष से कम आयु के पुरुष अधिवक्ताओं को उच्च न्यायालयों में नियुक्त किया जा सकता है, तो सक्षम महिला अधिवक्ताओं को क्यों नहीं? साथ ही न्यायमूर्ति नागरत्ना ने यह भी कहा कि महिलाओं को लिंग-आधारित भेदभाव से मुक्त होकर अपने सपनों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी मेहनत और नेतृत्व के जरिए सफलता पा सकती हैं, जैसा कि कई महिलाएं कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि घर की देखभाल करने वाली महिलाएं, जो समाज में अधिकतर अनदेखी होती हैं।

तमिलनाडु में भाषा विवाद पर एलंगोवन बोले

# पवन कल्याण को राज्य की राजनीति के बारे में कुछ नहीं पता



चेन्नई ( एजेंसी )।

तमिलनाडु में जारी भाषा विवाद के बीच डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'उन्हें (पवन कल्याण) को राज्य की राजनीति के बारे में कुछ भी पता नहीं है'। आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने तमिलनाडु में हो रहे हिंदी विरोध को लेकर स्टालिन सरकार की आलोचना की और हिंदी थोपने को लेकर कहा कि ये सिर्फ पाखंड है।

पवन कल्याण ने पीथमपुरम में अपनी पार्टी के 12वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह के दौरान हिंदी विरोध को लेकर तमिलनाडु सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'मुझे ये समझ नहीं आता कि क्यों कुछ लोग संस्कृत का विरोध करते हैं और तमिलनाडु में क्यों हिंदी विरोध हो रहा है, जबकि तमिल फिल्मों से रुपये कमाने के लिए वहां की फिल्मों को हिंदी में डब किया जाता है। वो लोग बॉलीवुड की फिल्मों से पैसे कमाना चाहते हैं लेकिन हिंदी को नहीं अपनाना चाहते। मुझे समझ नहीं आता कि ये किस तरह का लॉजिक है'।

### पवन कल्याण पर डीएमके नेता ने साधा निशाना

पवन कल्याण के आरोपों को खारिज करते हुए डीएमके नेता एलंगोवन ने कहा, 'उन्हें ये याद होना चाहिए कि राज्य में 1938 से ही हिंदी का विरोध हो रहा है। हमने राज्य की विधानसभा में कानून पारित किया था कि तमिलनाडु हमेशा दो-भाषा के फॉर्मूले का पालन करेगा। क्योंकि यह शिक्षा विशेषज्ञों की सलाह और सुझावों पर आधारित था अभिनेताओं की नहीं। यह बिल 1968 में ही पारित हो गया था, जब पवन कल्याण का जन्म भी नहीं हुआ था। उन्हें तमिलनाडु की राजनीति का पता नहीं है'। उन्होंने कहा, 'यह पहली बार नहीं है जब हमने हिंदी का विरोध किया है क्योंकि हमारा मानना है कि मातृभाषा में शिक्षा लोगों को प्रशिक्षित करने का सबसे अच्छा तरीका है' वहीं प्रदेश के दूसरे लोग भी पवन कल्याण को उनकी इस टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर घेरते नजर आए। एक स्थानीय अभिनेता ने अपने एक्स पोस्ट में पवन कल्याण के पुराने पोस्ट को भी शेयर किया।

# तेलंगाना सुरंग हादसाः फंसे सात लोगों की खोज में जुटी विशेष टीम

हैदराबाद ( एजेंसी )।



तेलंगाना में ध्वस्त एसएलबीसी सुरंग में फंसे सात लोगों की तलाश शनिवार को लगातार 22वें दिन भी जारी रही। तलाशी अभियान में शनिवार को खास मशीनरी का इस्तेमाल किया गया, जिससे अभियान को गति मिली। मामले में अधिकारियों ने बताया कि अब सुरंग के अंदर फंसे सात लोगों को निकालने के लिए स्वायत्त हाइड्रोलिक-संचालित रोबोट का उपयोग किया जा रहा है, जो मिट्टी और मलबे को तेजी से हटाने में मदद कर रहा है। इसके अलावा, 30 एचपी क्षमता वाला लिक्विड रिंग वैक्यूम पंप और वैक्यूम टैंक मशीन जैसे उपकरण भी सुरंग के भीतर से मलबा हटाने के लिए काम कर रहे हैं। इस अभियान में सेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), खनन कंपनियां, और रोबोटिक्स विशेषज्ञ भी शामिल हैं। मिट्टी और मलबे को हटाने के लिए कन्वेयर बेल्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे प्रति घंटे 620 क्यूबिक मीटर मलबा बाहर निकाला जा सकता है। यह अभियान चौबीसों घंटे चल रहा है और सुरंग में पानी निकालने की कोशिश भी की जा रही है। गौरतलब है कि बीते 22 फरवरी को एसएलबीसी परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद इंजिनियर और मजदूर समेत आठ लोग फंस गए थे।

# असम कांग्रेस प्रवक्ता रीतम सिंह गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस के प्रवक्ता रीतम सिंह को एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इस पोस्ट में उन्होंने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ दर्ज मामलों की स्थिति पर सवाल उठाया था। इनमें भाजपा एक पूर्व राज्य प्रमुख और दो मौजूदा विधायक शामिल हैं। लखीमपुर जिला पुलिस की टीम ने रीतम सिंह को गुवाहाटी स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया। गुवाहाटी पुलिस ने लखीमपुर की टीम की मदद की। लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक मिहिरजीत गयान ने बताया कि दो दिन पहले 'एक्स' पर एक पोस्ट को लेकर भाजपा विधायक मानव डेका की पत्नी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

# मीडिया से बात करते ट्रंप के चेहरे पर लगा माइक, वीडियो वायरल

वाशिंगटन ( एजेंसी )।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक अजीबोगरीब घटना घटी है। ट्रंप के चेहरे पर उस वक्त एक रिपोर्टर का माइक टकरा गया, जब वह गाजा युद्ध पर मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति देर तक उस रिपोर्टर को अजीब तरीके से घूरते देखे गए। फिर जब मीडियाकर्मियों ने उनसे सवाल पूछना शुरू किया तो उसकी बजाय ट्रंप ने कहा कि आज अपने आप में यही बड़ी खबर बन गई है। इसने टीवी पर अपनी जगह बना ली है।

ट्रंप के चेहरे पर माइक लगने वाला यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि मीडिया से बात करने के लिए ट्रंप कहीं खड़े हैं। इस दौरान कई सारे रिपोर्टर उनके मुंह के सामने अपने माइक लगा रहे हैं। इसी रस्साकसी में एक रिपोर्टर का माइक अचानक ट्रंप के चेहरे से टकरा जाता है। तब ट्रंप अपना चेहरा हटाते हुए उस रिपोर्टर को कुछ देर घूरते हैं। हालांकि वह उसे कुछ कहते नहीं।

# पूज्य महाराज के सम्मान में स्मारक सिक्के का विमोचन



अहमदाबाद ( एजेंसी )।

पूज्य श्रीमद् बुद्धिसागर सूरीश्वरजी महाराज त्याग व समर्पण के संगम थे। शनिवार को अहमदाबाद में पूज्य महाराज जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 150 के स्मारक सिक्के का विमोचन किया गया। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और पवन सिंघी मौजूद रहे। कर्म, धर्म, ध्यान व ज्ञान को जीवन मूल्य बनाने वाले पूज्य बुद्धिसागर सूरीश्वरजी महाराज के सम्मान में जारी यह स्मारक सिक्का उनकी स्मृति को अमर बनाएगा और भावी पीढ़ियों को उनके आदर्शों को जानने के लिए प्रेरित करेगा।

# मेट्रो केबल चोरी करने वाले स्पाइडर-मैन के बाद एक और गैंग का भंडाफोड़

### दिल्ली-बंगाल से पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली ( एजेंसी )।



दिल्ली पुलिस की मेट्रो विंग ने स्पाइडर-मैन के बाद एक महीने में केबल चोरी की आठ वारदातों को अंजाम देने वाले एक और गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस के मुताबिक अकेले इस गैंग ने महज एक महीने में केबल चोरी की आठ वारदातों को अंजाम दिया था। लगातार केबल चोरी की वारदातों का मेट्रो सर्विस पर भी असर पड़ रहा था, साथ मे सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़ा हो रहा था।

डीसीपी मेट्रो ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए एक डेडीकेटेड टीम बनाई गई। टीम में सबसे पहले उन जगह पर जाकर तहकीकात शुरू की जहां पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने देखा कि यह वही जगह है जहां पर पेड़ है, आरोपी मेट्रो पिलर और पेड़ के सहारे ऊपर चढ़े थे। दर्शन पेड़ की वजह से न सिर्फ छिपाने में आरोपियों को आसानी होती थी, बल्कि पेड़ के सहारे और पिलर की मदद से वह मेट्रो ट्रैक तक चले जाया करते थे।

कुछ बदमाश ऊपर पहुंचते थे, जबकि कुछ नीचे इंतजार करते थे। ऊपर से तार काटकर जब बदमाश नीचे फेंकते तो नीचे वाले फौरन तार को लपेटकर गाड़ी के अंदर छिपा देते। पुलिस ने फिलहाल गैंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीन को पुलिस ने दिल्ली से ही गिरफ्तार किया, जबकि दो पकड़े जाने से पहले बंगाल भाग गए थे। पुलिस की टीम बंगाल से दो चोरों को पकड़ कर लाई। पुलिस ने चोरों के पास से कुछ तार बरामद किया है और साथ ही साथ कबड्डी का भी पता पुलिस लग रही है, जिनको यह चोर चोरी की केबल बेचा करते थे। कुछ दिन पहले ही पुलिस ने ऐसे ही चोरों के गैंग का भंडाफोड़ किया था, जिसमें स्पाइडर-मैन चोर पकड़ा गया था। पूछताछ में पता चला था कि स्पाइडर-मैन कुछ मिनट में ही मेट्रो ट्रैक पर चढ़ जाया करता था और इसी वजह से उसके साथी उसे स्पाइडर-मैन कहते थे। पुलिस ने स्पाइडर-मैन को बाहरी दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

# बांग्लादेश में जल्द से जल्द हों चुनाव...

### UN चीफ एंटोनियो गुटेरेस के सामने रखी मांग

ढाका ( एजेंसी )।



पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बीएनपी ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से कहा कि वह बांग्लादेश में चुनाव जल्द से जल्द कराना चाहती है। दक्षिण एशियाई देश के राजनीतिक रुख को लेकर चिंताजनक अटकलों के बीच गुटेरेस बांग्लादेश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। वे सुधार प्रस्तावों पर एक गोलमेज सम्मेलन में शामिल हुए थे। इस बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और राष्ट्रीय सहमति निर्माण आयोग सहित विभिन्न हितधारकों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय सहमति आयोग का नेतृत्व अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस कर रहे हैं।

बैठक में राजनीतिक नेताओं ने अवामी लीग और उसके सहयोगियों को शामिल नहीं किया. बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख की गोलमेज बैठक से बाहर निकलते हुए मीडिया से कहा, "हमने उनसे (गुटेरस से) कहा कि हम चाहते हैं कि अंतरिम सरकार केवल चुनाव केंद्रित सुधारों को पूरा करने के बाद अगला राष्ट्रीय चुनाव जल्दी कराए।"

बैठक में आलमगीर के साथ मौजूद बीएनपी की सर्वोच्च नीति निर्धारण स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि बांग्लादेशियों को यह तय करना चाहिए कि सुधार और चुनाव कैसे और कब होंगे, क्योंकि यह देश का आंतरिक मामला है। बता दें कि पिछले साल 5 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक प्रदर्शनों में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की लगभग 16 साल पुरानी अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद, बीएन पी बांग्लादेश की मुख्य राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरी है। हसीना भारत चली आईं और उनकी पार्टी के अधिकांश नेता और सरकार में उनके सहयोगी गिरफ्तार हो गए या बां ग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में मानवता के खिलाफ अपराध या सामूहिक हत्या जैसे आरोपों से बचने के लिए देश और विदेश में भाग रहे हैं।

# अब सरकार में बहन सीएम भाई मंत्री है : रेखा गुप्ता



नई दिल्ली ( एजेंसी )।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पूर्व सीएम डॉ. साहिब सिंह वर्मा की जन्म जयंती पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मंत्री प्रवेश वर्मा को अपना छोटा भाई बताया है और कहा, हम दोनों एक स्कूल में साथ पढ़े हैं और अब सरकार में बहन सीएम है और भाई मंत्री है। घर में भी बड़ी बेटी को चीजें दे दी जाती हैं।

दरअसल, दिल्ली की BJP सरकार में प्रवेश वर्मा लोक निर्माण विभाग के मंत्री हैं। दिल्ली चुनाव में उन्होंने AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली सीट पर बड़े अंतर से हराया था। नतीजे के बाद माना जा रहा था कि बीजेपी प्रवेश पर दांव लगा सकती है और नया मुख्यमंत्री बना सकती है।

### 'सेवाभाव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत'

शनिवार को साहिब सिंह वर्मा की जन्म जयंती मनाई गई। प्रवेश ने अपने पिता की जयंती के अवसर पर हवन किया। प्रार्थना सभा कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। सीएम गुप्ता ने एक्स पर लिखा, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय डॉ. साहिब सिंह वर्मा की जन्म जयंती पर उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पश्चिम बंगालः बीरभूम में होली पर झड़प के बाद तनाव, इंटरनेट बंद

पश्चिम बंगाल ( एजेंसी )।



पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प के बाद शहर के कुछ इलाकों में इंटरनेट को सस्पेंड कर दिया गया है। राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी भी तैनात की है। पुलिस के मुताबिक होली के दिन (शुक्रवार, 14 मार्च 2025) को बीरभूम के सैंथिया में दो गुटों के बीच कुछ कहासुनी के चलते मारपीट हो गई।

अधिकारियों के अनुसार, अफवाहों और गैरकानूनी गतिविधियों को फैलने से रोकने के लिए कम से कम पांच ग्राम पंचायत क्षेत्रों में इंटरनेट सस्पेंड कर दिया गया है। इंटरनेट सेवाओं पर बैन 14 मार्च से लेकर 17 मार्च तक प्रभावी रहेगा। बीरभूम में पथराव की घटना की रिपोर्ट के बाद प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है। सरकारी आदेश के अनुसार, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अपराध के लिए उकसावे को रोकने के हित में अस्थायी रूप से संदेशों का प्रसारण नहीं किया जाएगा। बीरभूम जिले में जहां इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाया गया है, उसमें सैंथिया, हटोरा ग्राम पंचायत (जीपी), मठपालसा जीपी, हरिसरा जीपी, दरियापुर जीपी और फुलुर जीपी शामिल हैं।

### हिंसा छिपा रही ममता सरकार- बीजेपी

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंटरनेट को संस्पेंड करना इस बात का सबूत है कि प्रशासन स्थिति से निपटने में विफल है . बीजेपी नेता ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "पश्चिम बंगाल सरकार अपनी साख बचाने के लिए सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं को छिपाने की पूरी कोशिश कर रही है।

# युद्धविराम समझौता वार्ता के बीच गाजा में बमबारी, आठ की मौत



**गाजा।** इजरायल की एयरफोर्स ने गाजा पट्टी में हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम आठ लोग मारे गए हैं, जिनमें एक स्थानीय रिपोर्टर भी शामिल है। फिलिस्तीनी चिकित्सकों ने शनिवार को यह जानकारी दी है। अस्पताल ने बताया है कि शनिवार को उत्तरी शहर बेत लाहिया क्षेत्र में हुए दो हवाई हमलों में जान गंवाने वाले आठ लोगों के शव लाए गए हैं। उत्तरी गाजा में आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख फरेस अवाद ने मृतकों में से एक की पहचान स्थानीय पत्रकार महमूद इस्लाम के रूप में की है।

इजरायल का गाजा में यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब कतर में यद्धविराम समझौते के विस्तार के लिए बातचीत चल रही है। हमास और इजरायल के बीच अस्थायी युद्धविराम के पहले चरण की समाप्ति के बाद से वार्ताकार आगे की बातचीत के लिए रास्ता ढूंढ़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, अमेरिका ने पहले चरण को अप्रैल तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है, जिसमें हमास की ओर से पकड़े गए बंधकों और इजरायली जेलों में बंद फिलस्तीनी कैदियों की अदला-बदली होगी। हालांकि इस पर कोई सहमति अभी नहीं बन सकी है। हमास ने शनिवार को कहा कि वह एक अमेरिकी-इजरायली और चार अन्य बंधकों के शवों को तभी देगा, जब इजरायल युद्धविराम समझौते को लागू करेगा।

# बंगाल में खोया आधार हासिल करना माकपा का लक्ष्य : करात

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता प्रकाश करात ने कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अपना खोया हुआ आधार वापस पाने और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ वामपंथी और लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करने की कोशिश करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है।



करात ने एक बातचीत में कहा, 'पश्चिम बंगाल में माकपा का आधार खोना ही उसकी घटती चुनावी ताकत की मुख्य वजह है।' उन्होंने बताया कि पार्टी ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के बीच काम कर रही है, ताकि अपने पारंपरिक समर्थन आधार को फिर से हासिल किया जा सके। पश्चिम बंगाल में पार्टी की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर माकपा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि हाल ही में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। खासकर कोलकाता के आरजीकर दुष्कर्म और हत्या मामले के विरोध में युवाओं ने सक्रियता से बड़ी भूमिका निभाई। माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा का 1977 से 2011 तक 34 वर्षों तक राज्य में शासन रहा। आरजी कर दुष्कर्म और हत्याकांड के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों को लेकर उन्होंने कहा, हम केवल अपनी पार्टी की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि सभी वामपंथी और प्रगतिशील ताकतें सामने आईं और उन्होंने युवाओं को बड़े पैमाने पर संगठित किया। उन्होंने कहा, हम उन वर्ग के लोगों के बीच अपना प्रभाव फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनका समर्थन हमने खो दिया था। अब हमें अहसास हो गया है कि हमें ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के बीच कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इसलिए हमने योजना बनाई है। कुछ प्रगति हुई है। करात ने दावा किया कि माकपा ने संगठन के रूप में खुद को फिर से संगठित और व्यवस्थित किया है।

# मथुरा में चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर पथराव

**मथुरा।** भीम आर्मी प्रमुख सांसद चन्द्रशेखर आजाद के काफिले पर मथुरा में पथराव किया गया है। सुरीर से पहले स्वतंत्रता सेनानी द्वार के पास ईंट भट्टे के पास उनकी गाड़ी पर पथराव किया गया। काफिले में शामिल चार-पांच बाइक सवारों को पथराव में हल्की चोटें आई हैं। पथराव होते ही अफरातफरी मच गई। तनाव के चलते भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची है। पुलिस ने पथराव करने वालों को हिरासत में लिया है। चंद्रशेखर आजाद जातीय संघर्ष में तब्दील गांव भगत नगरिया जा रहे थे। यहां दलित बेटियों के परिवार से मिलने का कार्यक्रम था। पथराव के कारण वहां नहीं जा सके और सुरीर के आंबेडकर पार्क में उनकी सभा हो रही है।

# जुड़ेंगे तभी बचेंगे, राजा भैया ने दिया योगी जैसा नारा

### गोधरा कांड पर भी बड़ी टिप्पणी

नई दिल्ली ( एजेंसी )।



यूपी की कुंडा सीट के विधायक राजा भैया अकसर सामाजिक मुद्दों पर भी बेबाकी से राय रखते हैं। अब उन्होंने गोधरा दंगों का कारण बने साबरमती एक्सप्रेस अग्निकांड को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने 27 फरवरी को एक्स पर पोस्ट किया कि आज ही के दिन साबरमती एक्सप्रेस में राम भक्तों को जिंदा जला दिया गया था। यह नहीं उन्होंने लिखा कि इन लोगों को जिंदा जलाने से पहले किसी ने यह नहीं पूछा था कि वे अगड़े हैं या फिर पिछड़े हैं। रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने एक नारा भी दिया और लिखा- जुड़ेंगे तभी बचेंगे। यह नारा सीएम योगी आदित्यनाथ जैसा ही है, जिसमें उन्होंने कहा था- बंटोगे तो कटोगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इस नारे का काफी असर हुआ था।

ऐसा ही एक नारा पीएम नरेंद्र मोदी भी दिया था- एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। अब राजा भैया ने भी उसी तर्ज पर अपनी बात कही है।

# सनराइजर्स हैदराबाद कैंप में नितीश रेड्डी की एंट्री से खुशी




आखिरी मैच 22 जनवरी को ईडन गार्डन्स में खेला था

दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने शनिवार को बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 18.1 के स्कोर के साथ यो-यो टेस्ट पास कर लिया है। वह आजयानी 16 मार्च 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद कैंप से जुड़ेंगे। रेड्डी साइड स्ट्रेन की समस्या से उबरने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नीतीश चोटिल होने के कारण जनवरी के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। नीतीश ने यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में यो-यो टेस्ट सहित सभी फिटनेस टेस्ट सफलतापूर्वक पास कर लिए हैं और फिजियो ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। आंध्र के इस 21 वर्षीय क्रिकेटर ने अपना आखिरी मैच भारत की तरफ से 22 जनवरी को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के रूप में खेला था। लेकिन उन्होंने उस मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं की थी। नीतीश ने चेन्नई में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले नेट्स पर अभ्यास किया था, लेकिन साइड स्ट्रेन के कारण वह उस मैच और पांच मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए थे। नीतीश को पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी से पहले हैदराबाद की टीम ने छह करोड़ रुपये में बरकरार रखा था। उन्होंने आईपीएल के पिछले सत्र में 13 मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए थे। उन्होंने भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भी प्रभावित किया और मेलबर्न में चौथे टेस्ट में 114 रन की साहसिक पारी भी खेली थी। नीतीश जल्द ही सनराइजर्स की टीम से जुड़ जाएंगे जिसे अपना पहला मैच 23 मार्च को हैदराबाद में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है।



# रोहित शर्मा टीम इंडिया के बने रहेंगे कप्तान

## बोर्ड के अधिकारियों को हिटमैन पर पूरा भरोसा

नई दिल्ली। भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब हाल ही में जीता है। इससे पहले टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई थी। यहां उसका बेहद खराब प्रदर्शन दिखा था। कप्तान रोहित समेत पूरी टीम को खराब प्रदर्शन की वजह से आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब चैंपियंस ट्रॉफी की जीत के बाद सभी को जवाब मिल गया है। इस बीच टीम इंडिया की कप्तानी पर बड़ा अपडेट मिला है। रोहित को लेकर अच्छी खबर है। भारत को जून और जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसके लिए टीम इंडिया आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। एक खबर के मुताबिक इस सीरीज में रोहित भारतीय टीम की कप्तानी कर सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड एक बार फिर से रोहित को जिम्मेदारी सौंप सकता है। हालांकि इस मामले पर अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।




### रोहित का अब तक ऐसा रहा है टेस्ट में रिकॉर्ड

रोहित शर्मा ने टीम इंडिया को टी20 विश्व कप 2024 में जीत दिलवाई थी। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता। वहीं 2023 के वनडे विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड के अधिकारियों को रोहित पर पूरा भरोसा है। अहम बात यह भी है कि चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान रोहित के संन्यास की चर्चा चल रही थी। लेकिन रोहित ने फाइनल के बाद संन्यास की खबरों पर विराम लगा दिया था। रोहित टीम इंडिया के लिए 67 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। उन्होंने इस दौरान 4302 रन बनाए हैं। रोहित ने टीम इंडिया के लिए टेस्ट में 12 शतक और 18 अर्धशतक लगाए हैं। वे एक दोहरा शतक भी लगा चुके हैं। रोहित वनडे में 11168 रन बना चुके हैं। उन्होंने इस फॉर्मेट में 273 मैच खेले हैं।

# 17 साल की एंड्रीवा ने स्वियातेक को हराया



17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी

वेल्स। रूस की 17 साल की खिलाड़ी माइरा एंड्रीवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गत चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को हराकर बीएनपी परिबास ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। एंड्रीवा ने सर्द परिस्थितियों में स्वियातेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराया और खिताबी मैच में प्रवेश कर लिया। नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। एंड्रीवा का सामना अब महिला एकल वर्ग में खिताब के लिए शीर्ष वरीयता प्राप्त अरिना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने एक अन्य सेमीफाइनल पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को 51 मिनट तक चले मुकाबले में 6-0, 6-1 से मात दी। सबालेंका ने इस तरह से कीज के पिछले 16 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर उनसे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। स्वियातेक के खिलाफ जीत के बाद एंड्रीवा ने कहा, मुझे नहीं पता कि मुझे इतना आत्मविश्वास कैसे महसूस हुआ। मैं बस यही सोच रही थी कि मैं टाईब्रेक खेलूं जैसे कि यह मेरे जीवन का अंतिम टाईब्रेक है। इसलिए मैं सिर्फ अपने शॉट्स खेल रही थी। मेरी सर्विस अच्छी थी और मैं आत्मविश्वास से भरी हुई थी। स्वियातेक का 10 मैच से चला आ रहा अभियान रोका एंड्रीवा ने टूर में अपनी जीत का सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है। उन्होंने स्वियातेक का इंडियन वेल्स में पिछले 10 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी रोक दिया। रूस की खिलाड़ी ने पिछले महीने दुबई में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। वह तब डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई थीं। किम क्लाइस्टर्स भी 2001 में 17 साल की थीं जब वह इंडियन वेल्स के फाइनल में सेरेना विलियम्स से हार गईं थीं।

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20

# सचिन और लारा में टक्कर आज



नई दिल्ली। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 का फाइनल मुकाबला आज रविवार 16 मार्च को छत्तीसगढ़ के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, रायपुर में खेला जाएगा। भारत मास्टर्स के सामने वेस्टइंडीज मास्टर्स की टीम है। फाइनल में सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 94 रन से हराया तो वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 6 रन से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। वेस्टइंडीज मास्टर्स ने दिनेश रामदीन के अर्धशतक और कप्तान ब्रायन लारा की प्रभावशाली पारी की बदौलत शानदार प्रदर्शन किया। टीनो बेस्ट के चार विकेट की बदौलत कैरेबियाई टीम ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका मास्टर्स के खिलाफ छह रन से मामूली जीत हासिल की और रविवार को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर की अगुवाई वाली इंडिया मास्टर्स के खिलाफ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस टूर्नामेंट में छह टीमों ने भाग लिया।

# लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी : वरुण चक्रवर्ती



नई दिल्ली। पिछले दिनों रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। भारतीय टीम की जीत में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अहम योगदान रहा। इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में वरुण टॉप पर रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 10 विकेट के साथ टॉप पर रहे। बहरहाल, अब वरुण चक्रवर्ती ने अपने बुरे वक्त को याद किया है। जब भारतीय फैंस ने वरुण चक्रवर्ती को भारत नहीं लौटने की धमकियां दी थी। वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि वह टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद डिप्रेशन का शिकार हो गए थे। उन्हें इस बात की चिंता सता रही थी कि वह टीम के लिए काम नहीं आ सके। उन्होंने बताया कि उन्हें भारत न लौटने के लिए धमकियां मिलीं थीं। भारतीय स्पिनर ने कहा कि यह मेरे लिए एक बुरा समय था। मैं डिप्रेशन में था क्योंकि मुझे लगा कि मैं वर्ल्ड कप के लिए चुने जाने के बाद न्याय नहीं कर पा रहा हूं। मुझे एक भी विकेट न ले पाने का अफसोस था। उसके बाद तीन साल तक मेरा चयन नहीं हुआ। 'टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद मुझे धमकी भरे कॉल आए...' चक्रवर्ती ने कहा कि कुछ लोग उनके घर तक पहुंच गए थे। टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद मुझे धमकी भरे कॉल आए।

# बटलर की जगह लेंगे बिलिंग्स



नई दिल्ली। इंग्लैंड का चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। इंग्लैंड ने टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं जीता। उसने यह टूर्नामेंट जोस बटलर की कप्तानी में खेला था। बटलर ने टूर्नामेंट के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। अब इंग्लैंड को वनडे और टी20 के लिए नए कप्तान की जरूरत है। इस बीच सैम बिलिंग्स ने दिलचस्प बयान दिया है। बिलिंग्स ने टीम का अगला कप्तान बनने की ख्वाहिश जाहिर की है।

दरअसल सैम बिलिंग्स करीब 3 साल से टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने आखिरी वनडे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नवंबर 2022 में खेला था। वे अभी तक वापसी नहीं कर पाए हैं। लेकिन वे कप्तान बनना चाहते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बिलिंग्स ने कहा, 'अगर मुझे कप्तानी का मौका मिलता है तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी।

मुझे लगता है कि मैं टीम के लिए कुछ बेहतर कर सकता हैं। मेरी अभी इस मसले पर किसी से बात नहीं हुई है। लेकिन लीडरशिप के पॉइंटव्यू से मैंने सफलता हासिल कर रखी है।' सैम बिलिंग्स द हंड्रेड में ओवल इनविंसिबल टीम की कप्तानी कर चुके हैं। टीम ने उनकी कप्तानी में खिताब भी जीता था। वे दुबई कैपिटल्स के लिए भी कमाल दिखा चुके हैं। बिलिंग्स का डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। वे अभी तक लिस्ट ए के 103 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान 3125 रन बनाए हैं। बिलिंग्स लिस्ट ए में 7 शतक और 21 अर्धशतक लगा चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 28 वनडे मैच खेले हैं। इस दौरान 702 रन बनाए हैं। इयान मोर्गन के संन्यास के बाद टीम ने जोस बटलर को व्हाइट बॉल फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी थी। लेकिन बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था अब टीम को नए कप्तान की तलाश है।

# अक्षर के कप्तान बनने पर केएल राहुल ने दी बधाई




नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण का काउंटडाउन अब शुरू हो गया है। पहले संभावना जताई जा रही थी कि फ्रेंचाइजी अपने कप्तान के रूप में केएल राहुल को चुन सकती है, जो पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की कमान संभाल चुके हैं। अक्षर पटेल के कप्तान नियुक्त होने के बाद दिल्ली में शामिल केएल राहुल का पहला रिएक्शन आया है। बाएं हाथ के ऑलराउंडर अक्षर पटेल 2019 में दिल्ली कैपिटल्स टीम के साथ जुड़े थे। तब से लेकर वह टीम के लिए 82 मैच खेल चुके हैं। ऑक्शन में टीम ने केएल राहुल को 14 करोड़ रूपये में खरीदा था, जो पंजाब और लखनऊ के लिए कप्तानी कर चुके हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि राहुल ने खुद कप्तान बनने से इंकार किया था, जिसके बाद अक्षर पटेल को दिल्ली कैपिटल्स की कमान सौंपी गई है।

# आकाश चोपड़ा ने चुनी आईपीएल के लिए मुंबई की टीम



नई दिल्ली। आईपीएल 2025 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का घमासान शुरू होने जा रहा है। टूर्नामेंट के ओपनिंग मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स की भिड़ंत आरसीबी के साथ होनी है। पिछले सीजन सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस इस बार दमदार प्रदर्शन करने को बेताब है। हार्दिक पांड्या की अगुवाई में मुंबई कागज पर काफी मजबूत नजर आ रही है। पांच बार की चैंपियन मुंबई के पास इस बार स्टार खिलाड़ियों की भरमार है। ऐसे में टीम किन ग्यारह खिलाड़ियों को मैदान पर उतारेगी यह देखना दिलचस्प होगा। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने मुंबई की बेस्ट प्लेइंग 11 का चुनाव किया है। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, "मुंबई इंडियंस की स्ट्रेंथ इतनी है कि उनके लिए 11 से 12 खिलाड़ी चुनना मुश्किल होगा।

### मुंबई इंडियंस के पास शानदारी खिलाड़ी

उनके पास बेस्ट प्लेयर्स की फौज है। आप रोहित शर्मा से शुरू कीजिए, जिनका साथ रयान रिकेल्टन या फिर विल जैक्स में से कोई एक देगा। यह बहुत अच्छा होगा अगर यह दोनों ही खेलें। इसके बाद सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या। इसके बाद भी नमन धीर छूट जाएंगे। मुंबई की गहराई कमाल की है। अगर आप उनकी बॉलिंग देखेंगे, तो मुंबई के पास दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह मौजूद हैं। वानखेड़े की पिच पर पावरप्ले के अंदर इससे बेहतर तिकड़ी आपको कहां ही मिलेगी? आपके पास बेस्ट विकल्प मौजूद हैं। स्पिन विभाग की बात करें, तो मिचेल सैंटनर और मुजीब उर रहमान मुंबई के पास हैं। यानी मुंबई के शुरुआती 12 प्लेयर्स दमदार है।"

# टेस्ट से संन्यास पर विराट संकेत




नई दिल्ली। विश्व क्रिकेट के किंग यानी विराट कोहली ने आईपीएल 2025 से पहले अपने बयान से पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। विराट ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास और टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट पर यू-टर्न के संकेत दिए हैं। विराट कोहली ने अपने ताजा बयान से पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। विराट कोहली ने कहा, "मैंने वास्तव में नहीं सोचा है कि मुझे संन्यास लेने के बाद क्या करना है। मैंने हाल ही में अपनी टीम के एक साथी से यही सवाल पूछा था और सामने से मुझे यही जवाब मिला जो मैंने कहा है. हां, रिटायरमेंट के बाद मैं शायद बहुत ज्यादा ट्रेवल करना पसंद करूंगा." टेस्ट क्रिकेट को लेकर विराट कोहली ने कहा कि शायद अब मैं ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं कर पाऊंगा. उन्होंने कहा, "मैं शायद अपने करियर में अगला ऑस्ट्रेलियाई दौरा नहीं कर पाऊंगा, इसलिए अब तक जो हुआ है, मैं उससे संतुष्ट हूं." बता दें कि भारत के पिछले ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर विराट कोहली का बल्ला उम्मीद के मुताबिक नहीं चला था. हालांकि, पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने शतक जड़ा था. विराट ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में सिर्फ 190 रन बनाए थे. अब विराट दोबारा ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट खेलते नहीं दिखेंगे। 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी होने वाली है।

# द हंड्रेड लीग में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को झटका

नई दिल्ली। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान की मेजबानी में हुआ लेकिन इससे पाकिस्तान टीम और उनके देश को कुछ खास फायदा नहीं हुआ। उल्टा घनघोर बेइज्जती का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई। इससे पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अपने घर में आलोचना का सामना करना पड़ा। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी PCB को उस समय एक और बड़ा झटका लगा जब टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इससे फाइनल मैच की मेजबानी भी पाकिस्तान से छिन गई और खिताबी मुकाबला लाहौर की बजाय दुबई में खेला गया, जहां टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हराते हुए 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।




### पाकिस्तानी क्रिकेटरों को लगा झटका

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शर्मिंदगी झेलने के बाद पाकिस्तान टीम को एक बार फिर शर्मसार होना पड़ा है। ताजा घटना द हंड्रेड से जुड़ा है। दरअसल, पाकिस्तान के कई शीर्ष क्रिकेटरों को इंग्लैंड की लोकप्रिय द हंड्रेड लीग के ड्राफ्ट में कोई खरीदार नहीं मिला है। पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज नसीम शाह, बल्लेबाज सैम अयूब और ऑलराउंडर शादाब खान उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन पर किसी भी फ्रेंचाइजी ने दांव नहीं लगाया। इस बार ड्राफ्ट में पाकिस्तान के कुल 50 खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें 45 पुरुष और 5 महिला क्रिकेटर थे। नसीम शाह और शादाब खान 1,20,000 पाउंड के हाईएस्ट रिजर्व प्राइज कैटेगिरी में थे, जबकि सैम अयूब 78,500 पाउंड वाली कैटेगिरी में थे।

### IPL कनेक्शन या खराब फॉर्म वजह?

पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज किए जाने की बड़ी वजह इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) टीम मालिकों का द हंड्रेड लीग में बढ़ते प्रभाव को माना जा रहा है। दरअसल, इस समय चार IPL फ्रेंचाइज़- मुंबई इंडियंस (ओवल इंविसिबल्स), लखनऊ सुपर जाइंट्स (मैनचेस्टर ओरिजिनल्स), सनराइजर्स हैदराबाद (नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स), और दिल्ली कैपिटल्स (सदर्न ब्रेव) की द हंड्रेड में हिस्सेदारी है। इसके अलावा, भारतीय मूल के अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के पास वेल्श फायर टीम का 50 प्रतिशत स्वामित्व है। इसके साथ ही, हाल के दिनों में पाकिस्तानी खिलाड़ियों की सीमित ओवरों के फॉर्मेट में खराब फॉर्म भी उनके नहीं बिकने की एक बड़ी वजह मानी जा रही है।

# इंग्लैंड की टीम से जुड़े केएस भरत



नई दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत अब इंग्लैंड में क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। उन्होंने सरे चैंपियनशिप 2025 के लिए लंदन के डुलविच क्रिकेट क्लब के साथ करार किया है। इस खबर की पुष्टि क्रिकेट एजेंसी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए की। ऋषभ पंत की टेस्ट क्रिकेट में वापसी के बाद टीम इंडिया में भरत की जगह बनना मुश्किल हो गया था, जिसके चलते उन्होंने सरे चैंपियनशिप में खेलने का फैसला किया। उनके अनुभव का डुलविच क्रिकेट टीम को निश्चित रूप से फायदा मिलेगा, क्योंकि उनके पास फ्रेंचाइजी क्रिकेट और भारतीय टीम के साथ खेलने का अनुभव है। केएस भरत आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स सहित कई फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने आईपीएल के 10 मैचों में कुल 199 रन बनाए। हालांकि आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में किसी भी टीम ने उन्हें नहीं खरीदा। इसके अलावा वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपने राज्य की कप्तानी भी कर चुके हैं।

# मक्खन की तरह पिघल जाएगी पेट की चर्बी, डेली पिएं एप्पल साइडर विनेगर

**खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से मोटापा बढ़ने लगता है। जिस वजह से पर्सनालिटी पर भी काफी असर पड़ता है। मोटापे की वजह से आत्मविश्वास कहीं खो जाता है। अगर आप बढ़ते हुए वजन से परेशान हैं तो आप भी सेब का सिरका का सेवन कर सकते हैं।**

आज के समय सबसे ज्यादा लोग मोटापे से परेशान है। मोटापा की वजह से कई खतरनाक बीमारियां बढ़ने लगती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो आज से ही सेब का सिरका का सेवन शुरु कर दें।

एप्पल साइडर विनेगर (एसीवी) ने वजन घटाने के लिए एक संभावित सहायता के रूप में लोकप्रिय है, सेब का सिरका के मुख्य रुप से विभिन्न स्वास्थ्य लाभों के कारण जाना जाता है। किण्वित सेब के रस से बने, ACV में एसिटिक एसिड होता है, जो इसके वजन घटाने के प्रभावों में योगदान देने वाला प्रमुख यौगिक माना जाता है।

**एप्पल साइडर सिरका वजन घटाने में कैसे मदद कर सकता है**

**भूख को कंट्रोल**

कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि एसीवी तृप्ति की भावना को बढ़ाकर भूख को कम करने में मदद कर सकता है। इससे संभावित रूप से समय के साथ कैलोरी



की मात्रा कम हो सकती है।

**रक्त शर्करा विनियमन**

ACV रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने और इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने में मदद कर सकता है। स्थिर रक्त शर्करा का स्तर लालसा को कम करने और वजन प्रबंधन में सहायता कर सकता है।

**मेटाबॉलिज्म बूस्ट**

एसीवी में मौजूद एसिटिक एसिड मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा दे सकता है, जो वसा जलने और ऊर्जा व्यय को बढ़ा सकता है।

**पाचन स्वास्थ्य**

माना जाता है कि एसीवी पेट में एसिड उत्पादन को बढ़ाकर पाचन में सहायता करता है, जो पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार कर सकता है और पाचन में मदद कर सकता है।

**डिटॉक्स करता**

एसीवी को अक्सर एक विषहरण एजेंट के रूप में जाना जाता है जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को साफ करने में मदद करता है, हालांकि इसका समर्थन करने वाले वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं।

**एप्पल साइडर सिरका कैसे वजन कम करने में मदद कर सकता है**

**मॉर्निंग डिटॉक्स ड्रिंक**

अपने दिन की शुरुआत एक गिलास गर्म पानी में 1-2 बड़े चम्मच एसीवी मिलाकर करें। यह आपके चयापचय को किकस्टार्ट करने और पूरे दिन वसा जलने को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।

**भूख कंट्रोल करता है**

भोजन से पहले, अपनी भूख को नियंत्रित करने के लिए पानी और एसीवी का मिश्रण पियें। इससे कैलोरी की मात्रा कम हो सकती है और वजन घटाने में सहायता मिल सकती है।

**सलाद ड्रेसिंग में यूज करें**

घर में बने सलाद ड्रेसिंग के आधार के रूप में एसीवी का उपयोग करें। यह न केवल स्वाद बढ़ाता है बल्कि रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने में भी मदद करता है, जिससे क्रेविंग को रोका जा सकता है।

**पाचम में सहायता करता**

पाचन में सहायता और वसा संचय को रोकने के लिए भोजन के बाद थोड़ी मात्रा में पतला एसीवी पियें। यह आपके शरीर की भोजन को कुशलता से तोड़ने की क्षमता को बढ़ा सकता है।

**मेटाबॉलिज्म बढ़ाने वाला अमृत**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने वाला अमृत पाने के लिए एसीवी को शहद, नींबू और दालचीनी के साथ पानी में मिलाएं। इससे ऊर्जा व्यय बढ़ाने और वजन घटाने के प्रयासों का समर्थन करने में मदद मिल सकती है।

डिस्क्लेमर : इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**दिव्यांशी भदौरिया**

## मार्च के महीने में लगाएं ये सुगंधित फूल वाला पौधा, पूरी गर्मी आएगा फूल

गंधराज के पौधे को मार्च के महीने में आसानी से लगाया जा सकता है। इसको लगाने के लिए अधिक मेहनत की भी जरूरत नहीं पड़ती है। एक बार यह फूल लग जाने के बाद इसका पौधा लंबे समय तक फूल देता है।

मार्च का महीना बागवानी के लिए सबसे बेहतर होता है। इस समय मौसम बसंत के साथ काफी सुहाना होता है। मार्च के महीने में पौधे आसानी से लग जाते हैं और इनकी ग्रोथ भी काफी अच्छी होती है। वहीं, मार्च के महीने



से ही गर्मी की हल्की-हल्की शुरुआत हो जाती है।

### सुगंधित फूल वाला पौधा है गंधराज

अगर आप भी अपने घर में किसी ऐसे फूल के पौधे को लगाने के बारे में सोच रहे हैं, जिसका फूल पूरी गर्मी आए तो आप गंधराज के पौधे पर विचार कर सकते हैं। यह सुगंधित फूल वाला पौधा इस मौसम में आसानी से उग जाएगा और इसको लगाना काफी आसान भी होता है। एक बार लग जाने के बाद इसको अधिक केयर करने की जरूरत नहीं होती है।

### गंधराज का पौधा कैसे लगाएं?

गंधराज के पौधे को सुगंधित फूलों और शानदार खुशबू के लिए जाना जाता है। इसको आप 10 से 12 इंच के गमले में आसानी से लगा सकते हैं। वहीं, इसकी मिट्टी को बनाने के लिए आप इसमें कोकोपीट, रेत और गोबर की खाद का उपयोग कर सकते हैं। गंध राज के पौधे को अधिक धूप की जरूरत नहीं होती है। दिन में आप कम से कम तीन से चार घंटा धूप में इसको रख सकते हैं।

### गंधराज के पौधे की देखभाल कैसे करें?

गंधराज के पौधे की देखभाल करना काफी आसान होता है। हालांकि, कई बार गंधराज के पौधों में फंगस और कीड़े लग जाते हैं, जिसको हटाना काफी जरूरी होता है। इसको हटाने के लिए आप नीम तेल या साबुन पानी का स्प्रे कर सकते हैं। अगर इसकी पत्तियां पीली होने लगे तो आप इसकी मिट्टी में खाद जरूर डालें। उम्मीद है ये जानकारी आपको पसंद आई होगी।





## गर्मी आने से पहले जरूर खाएं इन सब्जियों का सलाद, ड्राई स्किन से मिलेगा छुटकारा

**गर्मी में त्वचा काफी रूखी और बेजान सी हो जाती है। ऐसे में इसका केयर करना काफी मुश्किल होता है। हालांकि, आप इसको नेचुरल तरीके से ही हाइड्रेट और चमकदार बना सकते हैं।**

देश के कई हिस्सों में गर्मी दस्तक दे रही है। गर्मी का मौसम आने से पहले ही इसका असर स्किन पर दिखने लगा है। स्किन ड्राई और रूखी हो रही है। कई बार तो स्किन ड्राई होने के कारण उस पर रैशेज भी दिख रहे हैं। ऐसे में स्किन का केयर करना काफी जरूरी होता है।

वैसे भी स्किन को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए लोग मार्केट से कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स को खरीदते हैं और उसका उपयोग करते हैं। हालांकि, आप इस मौसम में भी अपनी स्किन को नेचुरल तरीके से भी ग्लो करा सकते हैं। इस लेख में हम कुछ सब्जियों के नाम बताएंगे, जिसको आप सलाद में खा सकते हैं। ये सब्जियां स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती हैं।

### रूखी त्वचा के लिए सलाद

### खीरा

खीरा त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है। दरअसल, इसमें पानी की मात्रा 95 प्रतिशत तक होती है, जिसको खाने से त्वचा हाइड्रेट और फ्रेश बना रहता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाते हैं। खीरा खाने से डार्क सर्कल भी कम होता है।

### गाजर

आप गाजर को भी सलाद के रूप में भी खा सकते हैं। इसमें विटामिन, की मात्रा काफी अच्छा मात्रा में होता है, जो स्किन को नेचुरली ग्लो कराता है। यह ड्राई स्किन को नमी प्रदान करता है। यह मुंहासों को भी रोकने में मदद करता है।

### टमाटर

टमाटर स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसको खाने से चेहरे की डैमेज स्किन ठीक होती है। यह त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ मुंहासों को कम करता है।

### चुकंदर

चुकंदर में कई तरह के पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं, जो स्किन के लिए फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद आयरन, एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी त्वचा को रिपेयर करते हैं और ग्लो बनाते हैं। चुकंदर ड्राई स्किन को हाइड्रेट भी करता है। यह चेहरे पर आए पिगमेंटेशन को भी कम करता है।



## ब्राउन राइस खाने के फायदे ही नहीं नुकसान भी हैं

भारत में लोगों को अलग-अलग तरह का खाना पसंद होता है. यहां मौसम के हिसाब से कई तरह के फूड प्रोडक्ट मिलते हैं. खाने के शौकीनों के लिए यहां खाने के कई ऑप्शन मौजूद हैं. वहीं, कोरोना महामारी के बाद लोग अपनी सेहत को लेकर काफी चिंतित हैं. ऐसे में कई लोग स्वस्थ रहने के लिए हेल्दी फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। भारत का पारंपरिक खाना दाल, चावल, रोटी और सब्जी है. ये खाना लगभग सभी को पसंद होता है, लेकिन कुछ लोग सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस का इस्तेमाल कर रहे हैं. डॉक्टर्स भी कहते हैं कि ब्राउन राइस सफेद चावल से ज्यादा सेहतमंद होता है. लेकिन कुछ लोग इसका जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं. ऐसे में आप जानकर चौंक जाएंगे कि जिस ब्राउन राइस का इस्तेमाल आप स्वस्थ रहने के लिए कर रहे हैं, वो आपके लिए नुकसानदायक भी हो सकता है. आइए यहां जानते हैं कि ज्यादा ब्राउन राइस खाने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं..

ब्राउन राइस पचाने में मुश्किल होता है - आपको लगता होगा कि ब्राउन राइस खाने से आपका शरीर फिट रहेगा, लेकिन ऐसा नहीं है. दरअसल, बहुत ज्यादा ब्राउन राइस खाने से पेट की समस्या हो सकती है. ब्राउन राइस आसानी से पचता नहीं है. इसके अलावा इसे खाने से पेट की समस्या जैसे कब्ज भी हो सकती है. अगर आप पेट की किसी समस्या से पीड़ित हैं तो ब्राउन राइस न खाएं.

पाचन संबंधी समस्याएं - ब्राउन राइस में मौजूद हाई फाइबर कंटेंट कुछ लोगों में पाचन संबंधी परेशानी पैदा कर सकती है, जिससे पेट फूलना, गैस और पेट में ऐंठन हो सकती है. इसके अलावा, ब्राउन राइस में किण्वनीय ऑलिगोसेकेराइड, डिसैकेराइड, मोनोसेकेराइड और पॉलीओल्स होते हैं जो चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम वाले लोगों में पाचन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकते हैं.

सिरदर्द की समस्या - अगर आप अपने शरीर को फिट रखने के लिए ब्राउन राइस का सेवन कर रहे हैं, तो इसका अधिक सेवन न करें. क्योंकि ब्राउन राइस का अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है. इससे उल्टी और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं. साथ ही ब्राउन राइस सोरायसिस और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण भी बन सकता है.

## सोने से पहले कर लें ये 4 योगासन, झट से आएगी नींद; स्ट्रेस भी होगा कम

**रात के समय पर्याप्त मात्रा में नींद लेने से पूरे दिन बॉडी में एनर्जी बनी रहती है और आपका दिन बेहतर गुजरता है। हालांकि, कई लोग रात के समय सही से सो नहीं पाते हैं। ऐसे में अगर आपको भी रात के समय नींद नहीं आती है तो इन योगासन को कर सकते हैं। इसको करने से नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है।**

बदलती लाइफस्टाइल और भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण लोगों का स्लीपिंग साइकल खराब हो गया है। लोग समय पर नहीं सो पा रहे हैं, जिसके कारण वह सुबह जल्दी नहीं उठ पाते हैं। वैसे रात के समय नींद नहीं आना एक गंभीर समस्या का कारण हो सकती है, लेकिन गलत आदतों का भी असर नींद पर पड़ता है, जिसके कारण रात के समय बिस्तर पर जाने के बाद भी नींद नहीं आती है।

रात के समय पर्याप्त मात्रा में नींद लेने से पूरे दिन बॉडी में एनर्जी बनी रहती है और आपका दिन बेहतर गुजरता है। अगर आप भी रात के समय सही से नहीं सो पा रहे हैं तो हम आपके लिए कुछ योगासन लेकर आए हैं, जिसको आप सोने से पहले कर सकते हैं। इसको फॉलो करने से आप रात में बेहतर तरीके से सो सकते हैं।

### बालासन

रात में सोने से पहले बालासन करने के काफी फायदे हैं। इस आसन को करने से शरीर और मन को काफी आराम मिलता है। इसको करने से दिमाग शांत होता है, जिससे बेहतर नींद आती है। बालासन करने से पूरे दिन की थकावट कम होती है। सोने से पहले इस योगासन को करने से नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है।

### सोने से पहले करें भ्रामरी प्राणायाम

भ्रामरी प्राणायाम सोने से पहले करना काफी फायदेमंद होता है। इस योगासन को करने से रात के समय नींद बेहतर होती है। इस आसन को करने से दिमाग को आराम मिलता है और तनाव भी दूर होता है। अगर आपको भी चिंता अधिक सताती है तो आप सोने से पहले भ्रामरी प्राणायाम कर सकते हैं।

### शवासन

आप सोने से पहले शवासन कर सकते हैं। इस आसन को करने से दिमाग शांत हो जाता है और तनाव कम होता है। इस आसन से अनिद्रा की समस्या भी दूर हो जाती है। यह दिनभर की थकावट को कम करता है और मांसपेशियों को आराम देता है। अगर आप शवासन को हर रोज करते हैं तो आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार होगी।





# मार्च के अंत तक जन नायकन की शूटिंग पूरी कर लेंगे विजय

साउथ सुपरसर विजय फिलहाल एच. विनोत द्वारा निर्देशित अपनी आखिरी फिल्म जन नायकन के शेड्यूल को पूरा कर रहे हैं। अभिनेता ने पुष्टि की है कि राजनीति में सक्रिय रूप से प्रवेश करने से पहले यह फिल्म इंडस्ट्री में उनका आखिरी प्रोजेक्ट होगा। अब, इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है। खबर है कि विजय जल्द ही आगामी फिल्म पर काम पूरा करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## कब तक शूटिंग पूरी करेंगे विजय

रिपोर्ट्स के अनुसार, विजय से मार्च के अंत और अप्रैल 2025 के पहले सप्ताह के बीच किसी समय जन नायकन के लिए अपने हिस्से का काम पूरा करने की उम्मीद है। इसके ठीक बाद वह अपने राजनीतिक जीवन में पूरी तरह से बदलाव करेंगे और तमिलनाडु में सक्रिय रूप से प्रचार करना शुरू कर देंगे।

## कब आएगा फिल्म का टीजर

इस बीच फिल्म का टीजर विजय के जन्मदिन 22 जून 2025 के अवसर पर जारी होने की उम्मीद है। साथ ही फिल्म का नया पोस्टर भी जारी हो सकता है। हालांकि, इस मामले पर निर्माताओं या अभिनेता की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार एच विनोत द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, निर्माताओं या फिल्म के अंदर किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या फिल्म में अभिनेता एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे।

## पूजा और विजय की दूसरी फिल्म

अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा संगीतबद्ध की जा रही इस फिल्म में हाल ही में एक डांस सीक्वेंस की भी शूटिंग की गई है। यह फिल्म कथ्थी, मास्टर, बीस्ट और लियो जैसी फिल्मों के बाद विजय के साथ अनिरुद्ध की पांचवीं फिल्म होगी। जन नायकन के एक एक्शन-थ्रिलर होने की खबर है, जिसमें कुछ राजनीतिक एंगल भी शामिल होंगे। वहीं, विजय के साथ यह पूजा की दूसरी फिल्म है। इससे पहले ये दोनों कलाकार नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित 2022 की फिल्म बीस्ट में मुख्य भूमिका में साथ नजर आए थे।

## फिल्म के कलाकार

कुछ समय पहले फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर एक पोस्टर के साथ इसका अनावरण किया था, जिसमें एक हाथ में जलती हुई मशाल थी। इसके अलावा, निर्माताओं ने फिल्म के मुख्य कलाकारों का भी खुलासा किया था, जिसमें बॉबी देओल, पूजा हेगड़े, ममिता बैजू, प्रियामणि, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज और नारायण प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# मैंने बड़ा बनने के लिए अपने नैतिक मूल्यों से कभी नहीं किया समझौता

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृतिका कामरा ने एक्टिंग की दुनिया में अपने सफर के बारे में बात की। कृतिका ने बताया कि उन्होंने कभी भी बड़ा बनने के लिए अपनी आत्मा को नहीं बेचा और न ही अपने नैतिक मूल्यों से समझौता किया। कृतिका ने कहा, मैंने हमेशा माना है कि खुद के प्रति ईमानदार रहना सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा, मैंने बड़ा बनने के लिए कभी भी अपनी आत्मा को नहीं बेचा और न ही अपने नैतिक मूल्यों से समझौता किया। मेरे लिए, मेरा सफर हमेशा अपने द्वारा चुने गए विकल्पों पर गर्व करने के बारे में रहा है।

उन्होंने कहा, यह सिर्फ मशहूर या स्पॉटलाइट में रहने का सवाल नहीं है, बल्कि यह रात में सुकून सो पाने के लिए था। चाहे इंडस्ट्री कितनी भी चुनौतीपूर्ण या ग्लैमरस क्यों न हो मैंने अपने मूल्यों के साथ समझौता नहीं किया और इस वजह से ही मैं अपनी जड़ से जुड़ी रही। कृतिका ने स्पष्ट किया है कि वह आकर्षण की तुलना में कंटेंट को प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने कहा, मैं ट्रेंड का पीछा नहीं करना चाहती और न ही इंडस्ट्री के दबावों के अनुरूप होना चाहती। मैं चाहती हूं कि मेरा काम मेरे विश्वास, मेरे टेस्ट और मेरी ग्रोथ को दर्शाए। मैं जो भूमिकाएं चुनती हूं, वे मेरे व्यक्तित्व का विस्तार हैं। मेरे लिए, यह ऐसी कहानियां बताने के बारे में है, जो लोगों के साथ जुड़ती हैं और एक स्थायी छाप छोड़ती हैं।

कृतिका मटका किंग में नजर आएंगी। यह मुंबई में शुरू हुए मटका जुए की दुनिया को दर्शाती है। इस सीरीज में विजय वर्मा भी हैं, जो मटका किंग की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कृतिका ने जनवरी में साझा किया था कि वह साहसिक निर्णय लेने में विश्वास करती हैं और उन्होंने जानबूझकर ऐसे प्रोजेक्ट से दूरी बना ली है जो पुरुषों की नजर को प्राथमिकता देते हैं।



# संघर्ष के दिनों में भेदभाव की शिकार हुई थीं तेजस्वी

**तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही में अपने करियर के शुरुआती दौर के संघर्षों को याद किया और बताया कि कैसे वह भेदभाव की शिकार हुईं। तेजस्वी ने दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम करते समय अलग तरह से व्यवहार किए जाने की बात को याद किया हालांकि, अपने दूसरे शो के बाद उन्हें अपनी कीमत का एहसास हुआ और उन्होंने खुद को कमतर समझने से इनकार कर दिया।**

तेजस्वी ने कहा- शुरू में जब मैं वरिष्ठ अभिनेताओं के साथ काम करती थी, जो मुझसे ज्यादा जाने जाते थे। मेरे साथ बहुत अलग व्यवहार किया जाता था। उन्हें बेहतर कमरे, बेहतर वैनिटी वैन और खाने के लिए बेहतर भोजन भी दिया जाता था। अपने करियर के शुरुआती दौर में मुझे इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। मेरे दूसरे शो (संस्कार-धरोहर अपनों की) के अंत तक मुझे अपनी कीमत का एहसास हो गया और मैंने इस व्यवहार को सहने से इनकार कर दिया। मुझे एहसास हुआ कि मुझे अच्छा भुगतान नहीं किया जा रहा था और फिर मैंने और अधिक मांगा। मुझे एहसास हुआ कि लोग मुझे अधिक देखना चाहते हैं। फिर मुझे कम पैसे क्यों मिलने चाहिए।



# अजय देवगन की एआई आधारित मीडिया कंपनी शुरू, फिल्म मेकिंग प्रोसेस में आएगी तेजी

अभिनेता अजय देवगन भारतीय सिनेमा के भविष्य के बारे में सोच रहे हैं और इसी के तहत अब वे एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) संचालित मीडिया में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एआई-आधारित मीडिया कंपनी शुरू की है। अभिनेता ने प्रिज्मिक्स की घोषणा की है, जो एक एआई-संचालित मीडिया कंपनी है। यह कंटेंट मेकिंग में विशेषज्ञता रखती है। फिल्म निर्माताओं, ब्रांड्स और रचनाकारों को अत्याधुनिक एआई तकनीक के साथ हाई क्वालिटी, स्केलेबल और आकर्षक कहानियां तैयार करने में मदद करेगी। देवगन प्रिज्मिक्स के अध्यक्ष हैं, जो एक टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें दानिश देवगन (सह-संस्थापक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी), वत्सल सेठ (सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी) और साहिल नायर (सह-संस्थापक और मुख्य रचनात्मक अधिकारी) के नाम शामिल हैं।

टीम का उद्देश्य साथ मिलकर कहानी कहने की कला को फिर से परिभाषित करना है, क्रिएटिविटी को उन्नत एआई तकनीक के साथ मिलाकर शानदार मीडिया कंटेंट में बदलने से संबंधित है। इस बारे में अजय देवगन ने कहा, प्रिज्मिक्स के साथ, हम कहानी कहने के भविष्य में कदम रख रहे हैं। एआई केवल एक तकनीक नहीं है, बल्कि एक रचनात्मक भागीदार है, जो फिल्म निर्माताओं और ब्रांड्स को उनके विजन को ऐसे तरीके से जीवंत करने में मदद कर सकता है, जिसकी पहले कभी कल्पना भी नहीं की गई थी। हमारा लक्ष्य हाई क्वालिटी आधारित एआई कंटेंट को अधिक सुलभ और स्केलेबल बनाकर मीडिया में क्रांति लाना है।

# बॉलीवुड इंडस्ट्री में होने चाहिए ये बदलाव; महिला दिवस पर क्रिस्टल डिसूजा ने की मांग

क्रिस्टल डिसूजा बॉलीवुड इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा चाही जाने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने अपनी मेहनत से बहुत ज्यादा फैंस बनाए हैं। वह फितरत सीरीज में बेहतरीन काम के लिए जानी जाती हैं। आज क्रिस्टल डिसूजा महिला दिवस मना रही हैं। ऐसे में उन्होंने औरतों के लिए एक बहुत अच्छा पैगाम दिया है।

**सभी को एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए**

औरतों के बारे में बात करते हुए क्रिस्टल डिसूजा ने उनकी ताकत के बारे में बात की और कहा हम ताकतवर हैं। हम जो सोच लें उसे पाने के काबिल हैं। चलों एक दूसरे का समर्थन करना शुरू करते हैं और उनको वो मकाम देते हैं जो उनके लायक हैं। हमारी आवाज माइने रखती है। हमारे सपने अच्छे हैं। दुनिया को हमारी ताकत की जरूरत है।

**यादगार थी क्रिस्टल की होली**

होली के मौके पर बीकानेर में अपनी सहेलियों के साथ मनाए गए यादगार महिला दिवस को याद करते हुए क्रिस्टल ने कहा, 8 मार्च 2023 में पड़ने वाला महिला दिवस बहुत खास था क्योंकि यह होली के दिन पड़ा था। हम अपनी सहेलियों के साथ बीकानेर गए थे, जहां हमने होली और महिला दिवस दोनों को एक साथ मनाया था। वाकई ये मेरे लिए बहुत अच्छा महिला दिवस था। यह प्यार, खुशी और रंगों से भरा हुआ था।

**इंडस्ट्री में औरतों के लिए चीजे बेहतर हुई हैं**

क्रिटल डिसूजा ने बताया कि बॉलीवुड इंडस्ट्री औरतों के लिए आसान नहीं थी। लेकिन अब चीजें बहुत बदल गई हैं। कई महिला काफी समय से शोबिज में काम कर रही हैं। पिछले कुछ सालों में चीजें बेहतर हुई हैं और अब ज्यादा महिलाएं इस इंडस्ट्री में ऊंचे पदों पर हैं। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में महिलाओं की तरक्की हुई है। कई औरतें अब कार्यकारी पदों पर हैं, कार्यस्थल पर भेदभाव के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

इंडस्ट्री में होने चाहिए बदलाव क्रिटल के मुताबिक महिलाओं को कमांडिंग पदों पर रखना ही काफी नहीं है। महिलाओं के लिए माहौल को सुरक्षित और आरामदायक बनाने की जरूरत है। इंडस्ट्री में महिलाओं का समर्थन करने वाली और नीतियां बननी चाहिए। कार्यस्थल पर भेदभाव के खिलाफ मजबूत सुरक्षा मिलनी चाहिए।





# फिल्मों की री-रिलीज पर विवेक अग्निहोत्री का तंज

फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री को लेकर बात की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर एक लंबा नोट लिखा है। उनका कहना है कि बॉलीवुड संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। इसका पतन हो रहा है और यह खस्ताहाल स्थिति में है। निर्देशक ने हाल के दिनों में पुरानी फिल्मों को दोबारा रिलीज किए जाने के चलन पर भी प्रतिक्रिया दी।

## बॉलीवुड का पतन हो रहा है


विवेक अग्निहोत्री ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) से एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, बॉलीवुड गिर रहा है और यह सबसे अच्छी बात है जो हो सकती है। बॉलीवुड खस्ताहाल में है और यह इंडस्ट्री के लिए अच्छा है। नई इमारत खड़ी करने के लिए आपको पुरानी इमारत को गिराना होगा। यही वह समय है। आगे लिखा है, आज बॉलीवुड में शायद ही कोई स्वतंत्र निर्माता है। यहां अब कोई नया निर्माता नहीं है। नए आइडिया नहीं हैं। कोई इनोवेटिव डिस्ट्रीब्यूशन और मार्केटिंग रणनीति नहीं है। विवेक अग्निहोत्री ने आगे लिखा है, कुछ साल पहले बॉलीवुड में एक दर्जन स्टूडियो थे। अब केवल दो या तीन बचे हैं और वे भी एकाधिकारवादी हैं। और वे फिल्म निर्माण के अलावा अन्य कारणों से यहां हैं। सिनेमा के प्रति जुनून की जगह कॉर्पोरेट लालच और एजेंडा वाले कंटेंट ने ले ली है। फिल्में नहीं हैं। फिल्मों का मानो अकाल पड़ गया है, इसीलिए पुरानी फिल्मों को रिलीज करने की होड़ मची हुई है।

## अच्छे निर्देशकों ने हार मान ली है

विवेक अग्निहोत्री ने आगे लिखा है, अधिकांश निर्देशक जो इस कठिन समय में कुछ बदलाव ला सकते थे, उन्होंने हार मान ली है और ओटीटी के आगे घुटने टेक दिए हैं। फिल्म बिजनेस को चलाते रहने के लिए स्टार-अभिनेता जरूरी हैं। लेकिन कोई भी होनहार नया सितारा नहीं है। यदि आप 21-35 आयु वर्ग के किसी कलाकार को कास्ट करना चाहते हैं, तो आपको करीब-करीब शायद कोई मिले ही न। न तो हीरो और न ही हीरोइन। जो कुछ हैं वे हिंदी नहीं बोल सकते। इमोशंस नहीं दिखा पाते। अपने काम से ज्यादा इंस्टाग्राम में दिलचस्पी है। विवेक अग्निहोत्री के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अपनी फिल्म द दिल्ली फाइल- द बंगाल चैप्टर की तैयारी में व्यस्त हैं।

# मैं आभारी हूं कि मुझे जॉन अब्राहम के साथ अभिनय करने का मौका मिला...

जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ विधात्री बंदी भी नजर आएंगी। उन्होंने इस बारे में कहा... यह संघर्ष का एक वर्ष रहा है। जलसा और मैक्स, मिन और मेवजाकी के बाद यह अवसर न केवल मेरे लिए बल्कि संघर्ष करने वाले हर कलाकार के लिए बहुत मायने रखता है। यह जर्नी आपको बहुत कुछ सिखाती है और मैं वास्तव में आभारी हूं कि आखिरकार मुझे जॉन अब्राहम के साथ अभिनय करने का मौका मिला। यह एक अविश्वसनीय अनुभव था। हम पहली बार स्क्रीन शेयर कर रहे थे और यह वास्तव में यादगार था। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में हमें साथ मिलकर काम करने के और मौके मिलेंगे। द डिप्लोमैट 14 मार्च को रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी। यह एक भारतीय राजनयिक के पाकिस्तान से भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में जॉन इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण जॉन अब्राहम, भूषण कुमार, समीर दीक्षित, अश्विन, राजेश बहल, विपुल शाह और कृष्णन कुमार मिलकर कर रहे हैं। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो नाम शबाना और मुखबिर जैसी फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं।



# ग्रेटर नोएडा में जुटेंगे 25 देशों के एथलीट

## 17 मार्च से सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अमैच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (ASTAUP) द्वारा ग्रेटर नोएडा में प्रथम साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप और द्वितीय इंडिया इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का बड़ा आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर YMCA ग्रेटर नोएडा में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

इस अवसर पर सांसद डॉ. महेश शर्मा, भाजपा प्रवक्ता एवं उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के सदस्य राकेश त्रिपाठी, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, एवं उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक कौशिक उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक कौशिक ने बताया कि 17 मार्च से 26 मार्च तक शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में ये दोनों प्रतिष्ठित चैंपियनशिप अमैच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश द्वारा अमैच्योर सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जा रही हैं।



इन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत सहित 25 देशों के लगभग 250 एथलीट भाग लेंगे, जिनमें कोरिया, जापान, थाईलैंड, फिलीपींस, कंबोडिया, वियतनाम, सिंगापुर, हंगरी, पोलैंड, मंगोलिया, जर्मनी, ब्राजील, मलेशिया, मकाऊ, न्यूजीलैंड, चीन, ताइवान (ताइपे), श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान और मालदीव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 1864 में जापान में जन्मे सॉफ्ट टेनिस को आज विश्वभर में मान्यता प्राप्त है और यह 64 देशों में खेला जाता है। भारत ने 2024 में कोरिया में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में मिड डबल्स स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कारों से सम्मानित हुए हैं। जिनमें लक्ष्मण पुरस्कार विजेता अतुल पटेल, कमलेश शुक्ला, शनैश मणि मिश्रा, श्रेयांश कुमार आदि शामिल हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के संयोजक सुखविंद्र सोम, सह-संयोजक डॉ. इरफान अहमद, ऐश्वर्या सिंह, नरेंद्र भाटी और पियूष भी उपस्थित रहे।



केन्द्रीय रक्षामंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह के साथ उनके दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में होली खेलते भाजपा पूर्वांचल मोर्चा नोएडा महानगर के जिलाध्यक्ष हरीश वर्मा।



अनुशासन और तनाव के बीच रहने वाले पुलिस वाले होली के अगले दिन कुछ अलग ही रंग में नजर आए। सभी रैंक एक बराबर और सभी चेहरे रंगों में सराबोर और गीतों और ढोल की थाप में थिरकते कदम इस बात का अहसास दिला रहे थे... कि शहर में होली शांतिपूर्ण तरीके से बीत गई। होली के अगले दिन गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। कुछ पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन पर नागिन डांस किया वहीं कुछ पुलिसकर्मी ढोल की थाप पर खूब नाचे।

# कांग्रेसियों ने मनाई मान्य. कांशीराम की जयंती

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेक्टर-52 पर मान्यवर कांशीराम की जंयती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम दलित, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की प्रखर आवाज थे ।




उन्होंने कहाकि कांशीराम ने अपने विचारों और सामाजिक आंदोलनों के जरिये सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों को नई ऊंचाई दी। उनके विचार पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक लियाकत चौधरी, उपाध्यक्ष दिनेश अवाना, फिरे सिंह नगर, उपाध्यक्ष ललित अवाना, संजय तनेजा, राजकुमार भारती, राजकुमार मोनू, विक्रम चौधरी, सतीश पांचाल, अरुण आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में मिली शिकायतों को गंभीरता से लें : डीएम

**गौतमबुद्धनगर ( सूवि. )।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 32 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 3 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील दादरी में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं का सुना। दादरी तहसील में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा कुल 14 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 2 शिकायत का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं।



सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, तहसीलदार दादरी ओमप्रकाश पासवान, पुलिस के अधिकारीगण एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 16 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 1 शिकायत का निस्तारण अंधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 02 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई।

# 'जिस दिन दिल्ली ठीक हो गई देश ठीक हो जाएगा'

## होली के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद व आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में आर्य समाज श्रीनिवासपुरी, नई दिल्ली में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।




राष्ट्रीय कवि प्रो.सारस्वत मोहन मनीषी ने ओजस्वी वाणी से गीतों द्वारा वातावरण को वीर रस का बना दिया। उनके गीत की पंक्तियाँ 'जिस दिन दिल्ली ठीक हो गई देश ठीक हो जाएगा' ने धूम मचा दी।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं अपितु प्रेम,सद्भाव और भाई चारे का प्रतीक है। इस दिन पुराने गिले शिकवे भूल कर नए सिरे से खुशियाँ में सरोबार होने का दिन है।अलग अलग रंग जीवन को ऊर्जा वान बना देते हैं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष आर्य रविदेव गुप्ता ने अपनी रचना होली है तो अपरिचित से परिचय कर लो,होली है तो सुपरिचित से मैत्री कर लो, होली है तो बिसरा कर सारे बैर भाव, दुश्मन को भी बाहों में भर लो, सुन कर कहा कि हमें जाति पाती से ऊपर उठकर देश के लिए सोचना चाहिए।बहादुरगढ़ से आए कवि दिनेश विद्यार्थी ने हास्य व्यंग्य की कविताओं से आनन्दित कर दिया।कवि गुरचरण मेहता,प्रवीण आर्य पिंकी,प्रवीण आर्य गाजियाबाद, विजय चौधरी, राजेश मेहन्दीरता ने अपने गीतों से जोश पैदा कर दिया। राष्ट्रीय मंत्री आचार्य महेंद्र भाई ने कहा कि होली उत्सव यज्ञ का प्रतीक है।स्वयं से पहले जड़ और चेतन देवों को आहुति देने का पर्व हैं।इसके वास्तविक स्वरुप को समझ कर इस सांस्कृतिक त्यौहार को मनाना चाहिए।होलिका दहन रूपी यज्ञ में यज्ञ परम्परा का पालन करते हुए शुद्ध सामग्री, तिल, मुंग,जड़ी बूटी आदि का प्रयोग कर वातावरण को सुगन्धित करना चाहिए।

पार्षद राजपाल सिंह ने भी अपनी शुभकामनायें प्रदान की।प्रधान ओमप्रकाश वर्मा,मंत्री सुशील आर्य ने सभी का आभार व्यक्त कियाढ्ढ

प्रमुख रूप से आर्य नेता जितेंद्र डावर, महेन्द्र जेटली, नरेंद्र नारंग, सुरेंद्र गुप्ता, प्रकाशवीर शास्त्री, रविन्द्र आर्य, अतुल सहगल, रामकुमार आर्य, स्वदेश शर्मा, देवेन्द्र सैनी, नरेश आर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

